दैनिक

# पुष्पांजली टुडे


नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 146 | ग्वालियर बुधवार, 15 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## एक नजर

### पीएम की हत्या कराना चाहती है कांग्रेस केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने कांग्रेस पार्टी पर बहुत बड़ा आरोप लगाया है. उन्होंने कहा, कांग्रेस पीएम मोदी की हत्या कराना चाहती है. पंजाब में प्रधानमंत्री की सुरक्षा में चूक का हवाला देते हुए गिरिराज सिंह ने कहा, कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है. उन्होंने कहा, अडाणी तो सिर्फ बहाना है, मोदी को गाली देना है. दस साल में इनकी सरकार विवादों में घिरी रही. 10 साल में मोदी की सरकार उम्मीदों से घिरी रही है. गिरिराज सिंह बोले, अब ये लोग कह रहे हैं कि मोदी का खात्मा होगा, तभी ये सरकार खत्म होगी. पहले तो ये गालियां देते रहे, मौत का सौदागर कहते रहे, मर जा मोदी कहते रहे. अब खात्मे की तैयारी कर रहे हैं. उन्होंने कहा, पीएम मोदी जब कांग्रेस की सरकार में पंजाब गये थे तब उनको बीच फ्लाईओवर पर रोका गया था और उनको मारने की पूरी तैयारी कर ली गई थी. कांग्रेस अब उनकी मौत की बातें करने लगी है. उनके नेता अब प्रधानमंत्री के खात्मे की बातें करने लगे हैं.

### वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का निधन, बाथरूम में गिरने से गई जान



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का आज सुबह (14 मार्च) को निधन हो गया. उनके पीए मोहन ने बताया, आज सुबह करीब 9 बजे वह बाथरूम में फिसल गये थे, उसके तुरंत बाद उनको घर के पास स्थित प्रतीक्षा अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया. वेद प्रताप वैदिक हिंदी भाषा के जाने माने पत्रकार थे, उन्होंने 78 साल की उमर में अंतिम सांस ली. आखिरी बार वह अखबार की सुर्खियों में तब आए थे जब उन्होंने मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड और आतंकी हाफिज सईद का इंटरव्यू किया था. उनका इंटरव्यू काफी चर्चा में रहा था. वरिष्ठ पत्रकार वेद प्रताप वैदिक का जन्म 30 दिसंबर 1944 को मध्य प्रदेश के इंदौर में हुआ था. उन्होंने अंतरराष्ट्रीय राजनीति में जेएनयू से पीएचडी की थी. वह चार साल तक दिल्ली में राजनीति शास्त्र के टीचर रहे. उनकी फिलॉस्फी और राजनीतिशास्त्र में भी काफी दिलचस्पी रही. हाफिज सईद का इंटरव्यू लेने के बाद जब पूरे देश में हंगामा मच गया था, तो दो सांसदों ने उन पर देशद्रोह का मुकदमा चलाकर उनको गिरफ्तार करने की मांग की थी. इस पर वैदिक ने टिप्पणी की थी, और कहा था, दो सांसद ही नहीं पूरे 543 सांसद सर्वकुमति से एक प्रस्ताव पारित करें और मुझे फांसी पर चढ़ा दें. मैं ऐसी संसद पर थूकता हूं. दिवगंत पत्रकार वेद प्रताप वैदिक बहुत ही योग्य संपादकों में से एक माने जाते हैं. उन्होंने 12 सालों तक नवभारत टाइम्स के एडिटोरियल संपादक के रूप में काम किया था. इसके अलावा उन्होंने अफगानिस्तान पर शोध किया था. इसके अलावा वह लंदन, मॉस्को समेत 50 से अधिक देशों की यात्रा कर चुके थे.

### फ्लाइट की तरह ट्रेन में महिला यात्री के साथ गंदी हरकत



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल फ्लाइट में महिला यात्री पर पेशाब करने का मामला अभी ठंडा नहीं पड़ा कि ट्रेन में यात्रा कर रही एक महिला ठीक ऐसी ही अभद्रता की शिकार हुई हैं. यह घटना अमृतसर से कोलकाता जा रही अकाल तख्त एक्सप्रेस में रविवार रात को हुई है. इस महिला के साथ यह हरकत किसी यात्री ने नहीं बल्कि एक टीटी ने की है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है. महिला के साथ यह हरकत रात के वक्त हुई है. जब टीटी ने उसके सिर पर पेशाब की तो उसने शोर मचाना शुरू किया, जिसके बाद तत्काल आसपास के लोगों ने पकड़ लिया और अगली सुबह यानी सोमवार को लखनऊ के चारबाग जीआरपी के हवाले कर दिया. बताया जा रहा है कि टीटी उस वक्त नशे की हालत में था. यात्रा के दौरान टीटी का शराब के नशे में होना भी जांच का विषय है. फिलहाल उसे जीआरपी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. जीआरपी इंस्पेक्टर ने मीडिया को बताया कि पीड़ित महिला अमृतसर की रहने वाली है जो कि ए1 कोच में सफर कर रही थी. महिला के साथ जब यह घटना हुई तो उस वक्त रात के करीब 12 बज रहे थे. टीटी की पहचान मुन्ना के रूप में हुई है जो कि बिहार का रहने वाला है. महिला के शोर मचाने पर मुन्ना को पकड़ लिया गया और आसपास मौजूद यात्रियों ने उसकी पिटाई भी की. महिला के पति ने जीआरपी में तहरीर दी जिसके बाद मुन्ना को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया. उल्लेखनीय है कि बीते दिनों एयर इंडिया के एक विमान में यात्रा कर रहे एक यात्री ने बुजुर्ग महिला के ऊपर पेशाब कर दिया था. आरोपी शंकर मिश्रा को न सिर्फ गिरफ्तार किया गया बल्कि उसके हवाई यात्रा पर भी रोक लगा दी गई.

# राहुल गांधी के बयान पर लगातार दूसरे दिन हंगामे से संसद ठप

संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज का दूसरा दिन भी हंगामे की भेंट चढ़ गया. एक ओर सत्ता पक्ष ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लंदन में दिए गए भाषण पर जोरदार हंगामा किया और माफी की मांग की. दूसरी तरफ विपक्ष ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले में जेपीसी की मांग उठाई.

सत्र की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, पीयूष गोयल, नरेंद्र सिंह तोमर, किरेन रिजिजू, अनुराग ठाकुर और नितिन गडकरी सहित कई शीर्ष मंत्रियों के साथ बैठक की. जबकि संसद में समान विचारधारा वाले विपक्षी दलों की बैठक भी हुई. राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के संसद भवन स्थित कक्ष में हुई बैठक में खरगे के अलावा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल, जयराम रमेश, द्रमुक के टीआर बालू, शिवसेना (उद्धव ठाकरे) के संजय राउत, आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए. तृणमूल कांग्रेस इस बैठक में शामिल नहीं हुई. उसके सदस्यों ने अडानी समूह से जु? विषय को लेकर संसद परिसर में प्रदर्शन किया. मंगलवार को संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होते ही हंगामा भी शुरू हो गया. राज्यसभा में फिर से पीयूष गोयल ने राहुल गांधी के बयान का मुद्दा उठाया. सत्ता पक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने की मांग पर अड़ा रहा. वहीं विपक्ष की तरफ से लगातार जेपीसी जांच की मांग उठाई गई. हंगामे के बीच लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित की गई और फिर बुधवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. इसके बाद कांग्रेस ने अडानी विवाद सहित विभिन्न मुद्दों पर संसद में विरोध प्रदर्शन किया. इससे पहले हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जेपीसी जांच की मांग को लेकर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया. आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अडानी-हिंडनबर्ग मामले की जांच और इस मुद्दे पर सदन में चर्चा की मांग करते हुए नियम 267 के तहत सस्पेंशन ऑफ बिजनेस नोटिस दिया. कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने सदन में लोकसभा सांसद राहुल गांधी का नाम लेने के लिए केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता पीयूष गोयल के खिलाफ एक विशेषाधिकार प्रस्ताव पेश किया. केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि देश में किसने तानाशाही की, उनकी पार्टी में किस तरह की तानाशाही चल रही है और खरगे जी के साथ कैसा व्यवहार होता है ये सबको पता है. राहुल गांधी और उनकी ड्रामा कंपनी को लगता है कि वो देश में शासन करने के लिए पैदा हुए हैं ये उनकी तानाशाही दिखाती है. उन्होंने कहा कि सदन में उनका माइक बंद कर दिया गया था और उन्होंने बाहर के देशों को भारत के मामले में दखल देने के लिए कहा इसलिए हम चाहते हैं कि राहुल गांधी माफी मांगे. कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी आज भारत लौटेंगे और कल संसद आएंगे. सत्ता पक्ष के हंगामे पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के लोकसभा सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सरकार खुद सदन नहीं चलाना चाहती. ऐसा नजारा कभी देखा है कि सरकार के मंत्रियों ने सदन को ठप करने के लिए किस तरह से हंगामा किया. राहुल गांधी माफी क्यों मांगेंगे? उन्होंने क्या गुनाह किया है? माफी तो इन लोगों को मांगनी चाहिए.




# अब भारत से ज्ञान लेगा तालिबान! दोनों देशों के बीच हुआ कुछ ऐसा समझौता

**नई दिल्ली।** भारत ने तालिबान के राजनयिकों को ट्रेनिंग देने के लिए एक कोर्स एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया है. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट की तरफ से आयोजित किए जा रहे इमर्सिंग विथ इंडियन थॉट्स में पहली बार काबुल में तालिबान सरकार के सदस्य चार दिवसीय इस ऑनलाइन कोर्स में हिस्सा लेंगे. विदेश मंत्रालय की तरफ से आईआईएम कोझिकोड के माध्यम से इस कोर्स को पेश किया जा रहा है. बता दें कि, कई अन्य देशों के प्रतिनिधि भी इस ऑनलाइन कोर्स में भाग ले रहे हैं. इसकी शुरुआत मंगलवार (14 मार्च) से हो रही है. इस कोर्स के लिए इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कॉर्पोरेशन की मदद से सभी भागीदार देशों को आमंत्रित किया गया था. यह कार्यक्रम अराजकता के गुप्त आदेश की गहरी समझ को बढ़ाने में मदद करेगा और भारत के कारोबारी माहौल की सराहना करेगा. इमर्सिंग विथ इंडियन थॉट्स का आयोजन करने वाले ने यह भी कहा कि प्रतिभागियों को भारत के आर्थिक वातावरण, सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक पृष्ठभूमि और बहुत कुछ का अनुभव करने और सीखने का अवसर मिलेगा. इसके अलावा उपभोक्ता मानसिकता और व्यावसायिक जोखिमों के बारे में भी सिखाया जाएगा. आईटीईसी वेबसाइट अनुसार, इसमें मैक्सिमम 30 प्रतिभागी होंगे. इनमें सरकारी अधिकारी, व्यापारिक नेता और बिजनेसमैन शामिल होंगे. इस कोर्स से परिचित लोगों ने कहा कि काबुल के कई प्रतिभागी पाठ्यक्रम में भाग ले रहे हैं क्योंकि यह ऑनलाइन है. तालिबान से किसी को भी भारत की यात्रा करने की जरूरत नहीं होगी. उन्होंने कहा कि तालिबान शासन को अलग-थलग करने के बजाय शिक्षित करना बेहतर है. इसलिए उन्हें भी इसके लिए आमंत्रित किया था. इस कोर्स में उन्हें कई चीजे सिखाई जाएंगी.



# भोपाल गैस कांड मामले में केन्द्र को सुप्रीमकोर्ट से झटका



भोपाल गैस कांड में मुआवजा बढ़ाने की मांग को मंगलावर को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट से केन्द्र सरकार को झटका लगा है. इस मामले में पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रखा था. इस मामले में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने याचिका खारिज कर दी है. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केन्द्र को इस मामले में पहले आना चाहिए था. बता दें कि भोपाल गैस कांड के पीड़ितों का मुआवजा बढ़ाने की केन्द्र सरकार की क्यूरेटिव पिटीशन सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है. याचिका के माध्यम से भोपाल के गैस पीड़ितों को यूनियन कार्बाइड से करीब 7 हजार 800 करोड़ का अतिरिक्त मुआवजा दिलाने की मांग की गई थी. इस मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के जस्टिस संजय किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अभय एक ओक, जस्टिम विक्रम नाथ और जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने 12 जनवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था. पांच सदस्यीय जजों की बेंच ने कहा कि केस दोबारा खोलने पर मुश्किलें बढ़ेंगी. बता दें कि सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने इस मामले में तीन दिन तक दलीलें सुनी थी. बता दें साल 1984 की 2-3 दिसंबर को राजधानी भोपाल में गैस त्रासदी हुई थी. यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस रिसने के कारण इस हादसे में 3 हजार 787 लोग मारे गए थे. उस रात को चारों तबाही का नजारा था. गैस कांड के बाद यूनियन कार्बाइड कॉर्पोरेशन ने पीड़ितों को 470 मिलियन डॉलर का मुआवजा दिया था, लेकिन पीड़ितों ने ज्यादा मुआवजे की मांग की थी. इधर गैस कांड के पीड़ितों के लिए केन्द्र ने डाउ केमिकल्स से 6 हजार 844 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुआवजा मांगा है. इसके लिए साल 2010 के दिसंबर महीने में सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटीशन दाखिल की गई थी जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी है.

# नाबालिग के सिर और पीठ पर हाथ फेरना गलत नहीं

**बंबई।** हाईकोर्ट की नागपुर बेंच ने 2012 के मामले में आदेश सुनाते हुए 28 साल के व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द कर दिया. इसके साथ ही बेंच ने कहा कि किसी गलत नीयत के बिना नाबालिग लड़की की पीठ और सिर पर हाथ फेर देने से उसकी लज्जा भंग नहीं होती है.

जानकारी के मुताबिक मामला 2012 का है. जिसमें 18 साल के शख्स पर 12 साल की एक लड़की की लज्जा भंग करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था. पीड़िता के मुताबिक आरोपी ने उसकी पीठ और सिर पर हाथ फेरते हुए कहा था कि वह बड़ी हो गई है. अदालत ने 10 फरवरी को मामले में फैसला सुनाया था, जिसकी कॉपी कल यानी 13 मार्च को आई. जस्टिस भारती डांगरे की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं लग रहा है कि दोषी का कोई गलत इरादा था. उन्होंने कहा कि उसकी बात से लगता है कि वह पीड़िता को बच्ची के तौर पर ही देख रहा था. जस्टिस भारती डांगरे ने कहा कि किसी भी महिला की लज्जा भंग करने के लिए उस तरह की मंशा रखना महत्वपूर्ण है. उन्होंने कहा कि पीड़िता ने भी व्यक्ति के किसी गलत इरादे का उल्लेख नहीं किया है, उसने बस यह कहा कि उसे कुछ गलत हरकतों की वजह से असहज महसूस हुआ. अदालत ने कहा कि प्रॉसिक्यूटर यह साबित नहीं कर पाया कि अपीलकर्ता का इरादा लड़की की लज्जा भंग करने का था. प्रॉसिक्यूटर से मिली जानकारी के मुताबिक 15 मार्च 2012 को अपीलकर्ता 18 वर्ष का था और वह कुछ डॉक्यूमेंट देने लड़की के घर गया था. लड़की उस समय घर अकेली थी. उसने लड़की के सिर और पीठ पर हाथ फेरा जिससे वह घबराकर मदद के लिए चिल्लाने लगी. लोअर कोर्ट ने इस मामले में व्यक्ति को दोषी ठहरा दिया था. जिसके बाद व्यक्ति ने हाई कोर्ट का रुख किया था. हाई कोर्ट ने अपने फैसला में यह कहा कि लोअर कोर्ट का फैसला सही नहीं है.



# महाराष्ट्र की सत्ता पर बेईमान और चोरः संजय राउत



महाराष्ट्र में जारी राजनीतिक खींचतान के बीच एक बार फिर से उद्धव गुट के नेता संजय राउत ने शिंदे गुट पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कोई सत्ता संघर्ष नहीं है. महाराष्ट्र की सत्ता पर जिस तरह से बेईमान और चोर बैठे हैं उनके खिलाफ शिवसेना कोर्ट में गई है. सुप्रीम कोर्ट में मामला चल रहा है. उन्होंने विश्वास जताया है कि जिस तरह से सुनवाई चल रही है उन्हें न्याय मिलेगा. दरअसल, महाराष्ट्र में उद्धव और शिंदे गुट के बीच तमाम मुद्दों को लेकर तकरार जारी है. शिवसेना का नाम और चुनाव चिह्न हाथ से जाने के बाद महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे को सोमवार को एक और बड़ा झटका लगा. उनके करीबी और ठाकरे (यूबीटी) गुट के वरिष्ठ नेता सुभाष देसाई के बेटे भूषण देसाई मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए हैं. इससे पहले उद्धव गुट ने चुनाव आयोग के फैसले का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. हालांकि, कोर्ट से इस मामले में किसी तरह की कोई राहत नहीं मिली. सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को असली शिवसेना मानने और पार्टी का नाम और सिंबल आवंटित करने के चुनाव आयोग के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था. इससे पहले शिवसेना के सांसद संजय राउत ने सोमवार (13 मार्च) को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर बीजेपी विधायक राहुल कुल के खिलाफ केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय से जांच कराने की मांग की थी.

# समंदर में ही चीन को कुचलेगी इंडियन नेवी!

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना फ्रांस के सहयोग से बन रही तीन डीजल संचालित हमलावर पनडुब्बियों को खरीदने की तैयारी कर रही है. इसके लिए जल्द ही नौसेना रक्षा अधिग्रहण परिषद से संपर्क कर सकती है. एयर इंडिपेंडेंट संचालित इन पनडुब्बियों का निर्माण मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में होना है. जानकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना की खास जरूरतों के आधार पर तीन एआईपी पनडुब्बियों के निर्माण का ठेका एमडीएल को दिया जाएगा. एमडीएल ने भारतीय नौसेना के लिए फ्रेंच स्कॉर्पीन आधारित छह कलवेरी वर्ग की पनडुब्बियों का निर्माण पहले ही कर लिया है. वहीं, आईएनएस वाग्शीर को मार्च 2024 से पहले नौसेना में शामिल किए जाने की उम्मीद है. तीन पनडुब्बियों में लगे एआईपी को डीआरडीओ द्वारा विकसित किया जाएगा. फ्रांसीसी नौसेना समूह इसका परीक्षण करेगा. परीक्षण के बाद इस एआईपी को पनडुब्बियों में लगाया जाएगा. फ्रांस के सहयोग से भारत तीन परमाणु-संचालित पारंपरिक हथियार-सशस्त्र पनडुब्बियों के साथ अपने पनडुब्बी बेड़े को अपग्रेड करना चाहता है. परमाणु हमला करने वाली पनडुब्बियों को हासिल करने के फैसले में प्रक्रियात्मक समय लग सकता है. भारत ने रूस के साथ के साथ एक अनुबंध के तहत 2025 में पहले से पट्टे पर आईएनएस चक्र के बदले में एक परमाणु हमला पनडुब्बी मिलने की उम्मीद है. भारत ने रूस के साथ ये डील यूक्रेन युद्ध शुरू होने के काफी पहले की थी. भारत के लिए पड़ोसी चीन समुद्र में भी बड़ी चुनौती है. चीन ने आठ परमाणु बैलेस्टिक मिसाइल पनडुब्बी और 12 शांग और हान श्रेणी की परमाणु संचालित हमलावर पनडुब्बियों के साथ चीन ने अपने सैन्य बेड़े को मजबूती दी है. इस बीच पीपल्स लिबरेशन आर्मी के दो विमान वाहक पोत के साथ तीसरा भी तैयार होने वाला है, जो जल्द ही समुद्र में गश्त शुरू कर सकता है. ऐसे में भारत को भी समुद्र में बड़ी रक्षा तैयारी रखनी होगी.



# राहुल और उनकी ड्रामा कंपनीः प्रह्लाद जोशी का कांग्रेस पर हमला



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे चरण के दूसरे दिन भी संसद में जमकर हंगामा हुआ. कांग्रेस के पीएम मोदी को तानाशाह बताने पर केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मंगलवार (14 मार्च) को पलटवार किया. जोशी ने कहा देश में खरगे जी के साथ कैसा व्यवहार होता है, सबको पता है. केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान को लेकर उनसे माफी की मांग की. हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी. केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश में किस तरह की तानाशाही चल रही है और पार्टी अध्यक्ष खरगे जी के साथ कैसा व्यवहार होता है ये सबको पता है. राहुल गांधी और उनकी ड्रामा कंपनी को लगता है कि वो देश में शासन करने के लिए पैदा हुए हैं ये उनकी तानाशाही दिखाती है. जोशी ने आगे कहा, राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि सदन में उनका माइक बंद कर दिया गया था. उन्होंने बाहर के देशों को भारत के मामले में दखल देने के लिए कहा. इसलिए हम चाहते हैं कि राहुल गांधी देश से माफी मांगे.

**कांग्रेस ने कहा था पीएम मोदी को डिक्टेटर**-सोमवार (13 मार्च) को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए उन्हें डिक्टेटर कहा था. खरगे ने कहा, जो लोकतंत्र को कुचल रहे वही इसे बचाने की बात कर रहे. पीएम मोदी डिक्टेटर की तरह सरकार चला रहे हैं और बीजेपी लोकतंत्र और देश का गौरव बचाने की बात कर रही है.

**सदन की कार्यवाही हुई स्थगित**-भारी हंगामे के चलते लोकसभा की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई. कांग्रेस ने सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार खुद सदन नहीं चलाना चाहती है. सदन स्थगित होने के बाद कांग्रेस सांसदों ने संसद में ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन शुरू कर दिया.

**राज्यसभा में भी हंगामा**-लोकसभा के बाद राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ जिसके बाद सदन की कार्यवाही दो बजे तक स्थगित कर दी गई. राज्यसभा में विपक्ष लगातार अडानी मुद्दे पर नारेबाजी कर रहा था जिसके बाद आसन से कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया.

## एक नजर...

### 8 साल पहले हुई शादी अब कर रहा था इसके लिए प्रताड़ित 8 साल की बच्ची को पालना हुआ मुश्किल

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



**शिवपुरी**-खबर शिवपुरी मैं आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक महिला ने अपनी 8 साल की मासूम बालिका के साथ स्स्क से गुहार लगाते हुए बताया की उसके शादी 2023 में हुई थी. हाल ही मैं उस के पति ने उसे शादी के 8 साल बाद बच्ची सहित उसे घर से बाहर निकाल दिया हैं. मिली जानकारी के अनुसार पूजा सोनी पत्नी राजू सोनी निवासी गुना चुंगी नाका ने आज स्स्क को आबेदन देते हुए बताया की उसकी शादी राजू सोनी से 24 फ़रवरी 2013 को गायत्री मंदिर फिजिकल से सपन्न हुई थी. शादी में पूरा दहेज़ का सामान भी दिया। था और नगदी 51 हजार रुपए भी दिए थे. शादी के बाद से लगातार महिला को दहेज़ के लिए परेशान किया जाने लगा. महिला ने बताया की दहेज़ में कम सामान की कहकर उसके मारपीट की जाने लगी एवं मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित किए जाने लगे. इसी बीच एक पुत्री को करिश्मा सोनी का जन्म हुआ. जिसकी उम्र अभी 8 साल हैं. और कक्षा 1 में पड़ रही हैं. महिला ने बताया हैं की उसके माता पिता का स्वर्गवास हो चुका हैं. महिला ने बताया की उसका पति शराब पीने का आदि हैं. शराब पीकर मारपीट करता हैं. एक साल पहले महिला सहित मासूम बच्ची को ससुरालियों ने घर से भगा दिया हैं. महिला अपने रिश्तेदारों के यहां रह रही हैं. एक साल से पति ने कोई खैर खबर नहीं ली हैं ना ही भरण पोषण करने के लिए कोई राशि दी हैं. महिला ने स्स्क से न्याय की गुहार लगाई हैं.

### समस्त प्रकार के चारे/ घास, भूसा पर जिला गुना की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

ब्यूरो रिपोर्ट सोनू श्रीवास्तव




गुना। उप संचालक, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा अपने प्रतिवेदन द्वारा अवगत कराया है कि जिला गुना में वर्तमान में रवि की फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो चुका है, जिसके उपरांत चारे भूसे की उपलब्धता पशुधन के लिये बनाये रखना आवश्यक है। इसे दृष्टिगत रखते हुए मध्यप्रदेश राज्य के जिलों को छोड़कर अन्य राज्यों के जिलो में भूसे के परिवहन तथा ईट भट्टों के ईंधन के रूप में चारे भूसे का उपयोग पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना आवश्यक समझते हुए ग्रीष्मकाल में जिला गुना में पशुधन के लिये चारे की उपलब्धता आवश्यक है। कलेक्टर फ्रेंक नोबल ए. द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये पशुओं के आहार के रूप में उपयोग में लाने वाले समस्त प्रकार के चारे/ घास, भूसा एवं पशुओं के द्वारा खाये जाने वाले अन्य किस्म के चारे पर जिला गुना की राजस्व सीमा के बाहर निर्यात प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए गए हैं। जिसमें की कलेक्टर द्वारा चेतावनी देते हुए कहा गया है कि कोई भी किसान, व्यापरी, व्यक्ति, किसी भी प्रकार के पशुचारे का किसी भी वाहन मोटर रेल, यान अथवा पैदल जिले के बाहर मेरे बिना अनुज्ञा पत्र के निर्यात नहीं करेगा। शासकीय उपयोग के लिये भूसा एवं पशुचारे का परिवहन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अनुमति से किया जावेगा । उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर सम्बंधित के विरुद्ध भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के अन्तर्गत वैधानिक/ दाण्डिक कार्यवाही की जावेगी। जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा तथा आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

### जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा मनाया गया बड़े ही हर्षोल्लास के साथ फाग उत्सव

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे



शिवपुरी-13 मार्च को जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा जेसीआई सदस्यों के साथ मनाया होली मिलन समारोह जिसमें जिसमेसभी सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी इसमें महिलाओं से रिलेटिव कुछ गेम खेले गए और जेसीआई में कुछ नए सदस्य भी जुड़े जिनका सम्मान किया गया जिसमें अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे सचिव जैसी आरती जैन जैसी कुसुमलता राठौर जैसी अंशु अग्रवाल जेसी निशा गोयल जैसी माधवी सोनी जैसी बबीता अग्रवाल जैसी रोशनी गुप्ता जैसी प्रियंका सोनी जय श्री राधा अग्रवाल जैसी निधि गोयल जय श्री संतोष गुप्ता जैसी सोनिया बोबल एवं जेसीआई की सभी महिलाएं उपस्थित रहे सभी महिलाओं को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया और अंत में लंच भी कराया गया और आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट, बेंगलुरु द्वारा हुई गौ-ग्रास सेवा

पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरु।** संत आशारामजी आश्रम ट्रस्ट की तरड़ से प्रति पूर्णिमा की गौग्रास सेवा के संकल्प हेतु इस फाल्गुन पूर्णिमा पर कुद्दलु गेट, बेगुर हुबली में स्थित माँ भगवती गौशाला में सेवा हुई। सेवा के प्रारंभ में सभी ने गौमाताओं को गंध-धूप, पुष्पादि से वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा पूजा-अर्चना आदि की। गौ माताओं का पूजन, गौ-आरती, परिक्रमा, दान-पुण्य आदि कर सभी साधकों ने गौ-प्रदक्षिणा की एवं उनकी चरण रज को माथे पर धारण किया । चूँकि गौमाता हम सभी की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक समरसता और आस्था की प्रतीक हैं। अतः मान्यता है की- जो गोपालन, गो-सेवा व गो-रक्षा का प्रण लेता है उसका जीवन धन्य हो जाता है और जीवन की हर मनोकामना पूरी होती है। हमारी भारतीय संस्कृति और धर्म में गौमाता को विशेष महत्व दिया गया है। गौं को हमारी संस्कृति में ÷पवित्र÷ माना जाता है और हमारे देश के संस्कारों में गौं का सम्मान किया जाता है। हालांकि, हमारे देश में गौमाता के स्वास्थ्य और सुरक्षा में अहम समस्याएं हैं। गौमाता को बेहद ही कठिन शरीरी मुद्दों से सामना पड़ता है इसलिए, गौ सेवा एक ऐसा अभियान है- जो गौमाता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए होता है। पूज्य संत आशारामजी बापू अपने सत्संग वचनामृत में बताते हैं की-÷जीवन में गीता और गाय का जितना आदर करेंगे उतने स्वस्थ, समतावान और आत्मवान बन जायेंगे। बच्चों को देशी गाय का दूध पिलाओ, गाय पालो, गायों की सेवा करो। जैसे वृद्ध माँ की सेवा करते हैं ऐसे बूढ़ी गायों की भी सेवा करो, इससे आपको कोई घाटा नहीं पड़ेगा। तो आप लोग गोदुग्ध से, गौ-गोबर से, गोमूत्र से स्वास्थ्य- लाभ उठाइये, कसाईखाने में गाय जाय उसकी अपेक्षा गाय पालना शुरू कर दो गाय जहाँ बँधती है, उधर टी.बी और दमे के कीटाणु नहीं पनपते हैं। आपके घर-मोहल्ले में गाय का जरा चक्कर लगवा दो तो भूत-प्रेत, डाकिनी शाकिनी की बाधा दूर हो जाती है; ऐसा कहा गया है।



## भाजपा मंत्री ने राज्यपाल की गरिमा का किया अपमानः डा.भारद्वाज

### भाजपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता हुई उजागर






दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** अटेर क्षेत्र में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल का एक दिवसीय दौरा विवादों में घिरता नजर आ रहा है, उनके स्वागत हेतु भाजपा नेताओं के द्वारा लगाए गए पोस्टरों और बैनरो पर उनके फोटो को लेकर विपक्ष ने निशाना साधा है, कांग्रेस पार्टी के भिण्ड जिला मीडिया प्रमुख अनिल भारद्वाज ने सहकरिता मंत्री अरविंद भदौरिया पर निशाना साधते हुए कहा मंत्री मुख्यमंत्री शिवराज सिंह को खुश करने के चक्कर में इतनी खुशामद करने में लगे की उन्होंने राज्यपाल की गरिमा को ही नीचा दिखाने से पीछे नहीं हट रहे हैं। श्री भारद्वाज ने आरोप लगाते हुए प्रदेश सरकार के सहकारिता मंत्री अरविंद भदौरिया पर तंज कसते हुए कहा शायद मंत्री महोदय को जानकारी का अभाव है की राज्यपाल एक संवैधानिक पद है और उसकी अपने आप में एक गरिमा है। इसलिए उनका फोटो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से ऊपर लगानी चाहिए थी न कि नीचे। सबसे बड़ी बात उक्त पोस्टर में स्वयं मंत्री जी खुद उनके स्वागत पोस्टर में अपील करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के तेज तर्रार प्रवक्ता श्री भारद्वाज ने कहा माननीय राज्यपाल महोदय पिछड़ा वर्ग से आते हैं, कही भाजपा नेता उनका अपमान करने में अपना सम्मान समझते हो वैसे भाजपा नेताओं द्वारा पिछड़ा का अपमान करना कोई नई बात नही है, वो हमेशा कार्यक्रमो में ऐसा करते नजर आते हैं। भाजपा की पिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता एक बार फिर से उजागर हुई है ।

## झांसी में जुटेंगे देश-विदेश के पेंटर कलाकार,भारतीय कलाकार संघ द्वारा आयोजित होगा झांसी कला महोत्सव

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे

**झाँसी।** भारतीय कलाकार संघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में पहली बार झांसी कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।यह आयोजन 16 से 18 मार्च तक इलाइट चैराहे के निकट स्थित लक्ष्मी गार्डन में चलेगा। इसके पहले यह आयोजन प्रतिवर्ष दतिया मध्य प्रदेश में हुआ करता था। पहली बार इस आयोजन को झांसी में किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में संघ के राष्ट्रीय संयोजक अंकुर पेंटर,प्रदेश अध्यक्ष आर्टिस्ट पालन तथा वरिष्ठ संरक्षक संतराम पेंटर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि इस आयोजन में देश भर से 500 से भी अधिक कलाकार शामिल होंगे। इसके अलावा श्रीलंका नेपाल आदि देश से भी कलाकार शिरकत करने के लिए आ रहे हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य कलाकारों को एकजुट करना तथा उत्तर प्रदेश सरकार का कलाकारों के उत्थान की दिशा में कदम उठाने हेतु ध्यान आकर्षण कराना है। उन्होंने कहा कि संस्कृति विभाग द्वारा कलाकारों के लिए कोई भी अलग से बजट खर्च नहीं किया जाता, जबकि कला से जुड़े आयोजनों पर भारी-भरकम बजट खर्च किया जाता है। संस्कृति विभाग को यह ध्यान रखना चाहिए कि जो आयोजन होते हैं, वह कलाकार की बदौलत ही होते हैं, इसलिए हमारी सरकार मदद करें। कलाकारों को प्रोत्साहित करें। सरकार से यह मांग है कि संस्कृति विभाग के बजट का एक हिस्सा कलाकारों के उत्थान पर भी खर्च हो, ताकि कलाकारों को अपनी जीविका के लिए संघर्ष न करना पड़े। मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता शिवम यादव टोड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश राजस्थान सहित देश के गैर हिन्दी भाषी राज्यों में तमिलनाडु आंध्र प्रदेश कर्नाटक तेलंगाना केरल सहित देश के सभी राज्यों के विभिन्न विधाओं के कलाकार झांसी कला महोत्सव के मंच से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस आयोजन में चित्रकार, मूर्तिकार, साहित्यकार, अभिनेता, गायक, नृत्य कलाकार शामिल होंगे।

## हितग्राही को नहीं मिला आवास योजना का लाभ तो मीडिया के जरिए मदद की लगाई गुहार

### नगर पालिका सीएमओ श्री राम भरोसा शर्मा पर लगाया आरोप

संवाददाता हरिओम परिहार



**रन्नौद।** खबर नगरपालिका से है जहां पर हितग्राही मुरली कुशवाह नगर परिषद रन्नौद वार्ड क्रमांक 12 से है जिन्होंने नगर पालिका सीएमओ श्री राम भरोसा शर्मा पर लगाया गंभीर आरोप मुरली कुशवाहा द्वारा बताया गया है कि नगर पालिका सीएमओ को यह जानकारी में कई बार दे चुका हूं लेकिन आए दिन तक मेरी कोई सुनवाई नहीं की गई है और ऊपर से डांटा फटकारा जाता है मेरे को और नगरपालिका से भगा दिया जाता है साथ ही मुरली कुशवाहा द्वारा बताया गया है कि चुनावी रंजिश के चलते दर-दर की ठोकरें खानी पढ़ रही हैं एवं नगर अध्यक्ष पर भी आरोप लगाया और कहा कि अध्यक्ष राजकुमार कुशवाहा पति जमुना कुशवाहा के द्वारा गलत तरीके से व्यवहार किया जाता है और नगर परिषद सीएमओ श्री राम भरोसा शर्मा द्वारा बोल दिया जाता है कि 1 हफ्ते में आ जाएंगे पैसे ऐसा झूठा आश्वासन नगर पालिका सीएमओ द्वारा आए दिन तक दिया जा रहा है अभी तक झूठे आश्वासन से मुझे संतुष्ट कर दिया जा रहा है परंतु अभी तक कोई महत्वपूर्ण निर्णय नगर पालिका सीएमओ द्वारा नहीं लिया गया है और ना ही मुझे आवास योजना का लाभ मिल पा रहा है।

## जिले की नगर पार्षद रन्नौद मैं राजू बाल्मिक तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर

संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट



सफाई संघ (अध्यक्ष) रन्नौद। राष्टीय सफाई मजदूर संघ के (प्रदेश अध्यक्ष श्री नरेंद्र वीलर एचबीवान) एक दिवस दौरे पर रन्नौद पहुंचे जहां सभी पदाधिकारियों का ढोल आतिशबाजी एवं फूल मालाओं से स्वागत किया गया श्री नरेंद्र वीलरवान द्वारा संगठन के पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई इस दौरान तहसील स्तरीय कार्य कारिणी का गठन किया गया रन्नो द तहसील से श्री राजू बाल्मीकि की को तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया कार्यक्रम के दौरान मंच पर संगठन के (प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र वीलरवान) के साथ गुना जिला प्रभारी श्री जगदीश वीलरवान जिला मंत्री धर्मेंद्र वीलरवान जिला सचिव अभिषेक गैचर एवं राकेश धौलपुरिया रवि लोहट संतोष लोहट सहीत नगर पारिर्षद रनौत के पार्षद गण भी मौजूद रहे मंच सील सभी अधिकारियों का फूल माला व साफा बांधकर स्वागत एवं सत्कार किया गया।

## महिलाओं ने माँ शीतला को लगाया शीतल पकवानों का भोग

पुष्पाजंली टुडे

बेंगलुरू। सीरवी समाज एस.एच आर लेआउट बडेर में शीतला माता के बासौड़ा पूजन के लिए सोमवार को सुबह से ही शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। संस्था के सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा ने बताया की समाज की महिलाएं राजस्थानी परिवेश में सज-धजकर माँ आईमाता मंदिर (बडेर)पहुंची और पूजा-अर्चना कर शीतल पकवानों का भोग लगाया। हाथ में पूजा की थाली लिए महिलाएं शीतला के भजन गाती हुई मंदिर पहुंची। यहाँ सबसे पहले उन्होंने पथवारी की पूजा की। इसके बाद माँ शीतला को विभिन्न शीतल पकवान अपर्ण किए। माँ शीतला को ठंडे पकवानों का ही भोग लगाया जाता हैं, इसलिए महिलाएं पूजन से ठीक एक दिन पहले शाम को माता को भोग लगाने के लिए बसौड़ा में मीठे चावल, कड़ी, चने की दाल, हलवा, रबड़ी, बिना नमक की पूड़ी, पूए आदि एक दिन पहले ही रात में बनाकर रख लेती हैं. सुबह घर व मंदिर में माता की पूजा-अर्चना कर महिलाएं शीतला माता को बसौड़ा का प्रसाद चड़ाती हैं. पूजा करने के बाद घर की महिलाएं बसौड़ा का प्रसाद अपने परिवार में बांट कर सभी के साथ मिलजुल कर बासी भोजन ग्रहण करके माता का आशीर्वाद लेती हैं। माता को बासा भोग लगाने के कारण इस पूर्व को बासौड़ा के नाम से भी जाना जाता हैं। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्था नवयुवक मंडल ने संभाली ।संस्था की ओर से नवयुवक मंडल का आभार व्यक्त किया ।



## अग्रवाल समाज ने दिया एसएसपी को ज्ञापन

### लूट के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तारी करे लूटा गया माल करे बरामद

अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय अग्रवाल समाज के लोगों ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देते हुए बताया कि 26 फरवरी 2023 को हुई लूट के चोरों को जल्द से जल्द पकड़ कर लूटा गया माल बरामद करें प्राप्त जानकारी के अनुसार मध्यदेशीय अग्रवाल समाज के समाज बन्धु संजय कुमार जैन एवं श्रीमती ममता जैन निवासी सावरकर शिवपुरी व्यवसाय जड़ीबूटी के साथ बीती 26 फरवरी 2023 को सरेराह दोपहर 2÷15 बजे एसपी निवास के समीप अज्ञात बदमाशों के द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। जिसमें ममता जैन के 7 तोले वजन के सोने के गहने उक्त अज्ञात बदमाश उतरवाकर ले भागे थे। चूंकि यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीव्ही कैमरों में भी कैद हैं और पूरी घटना को वास्तविकता से जांच की जाए तो आरोपियों को चिह्नित किया जा सकता है। घटना के बाद से मध्यदेशीय अग्रवाल समाज में भी रोष व्याप्त है कि एक संघांत समाज के बुजुर्गजनों के साथ सरेराह लूट की वारदात को अज्ञात बदमाशों के द्वारा अंजाम दिया गया और अब तक बदमाश पुलिस गिरफ्त से दूर है। इन हालातों में समाज की पीडित परिवार के साथ संवेदनाएँ है अग्रवाल समाज ने पुलिस विभाग से मांग करते हुए उक्त लूट को अंजाम देने वाले बदमाशों को पुलिस के द्वारा शीघ्र गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से लूटा गया माल जल्द बरामद करे नही तो समाज को धरना-प्रदर्शन व आन्दोलन करने के लिए तैयार हैं चोरों को जल्द से जल्द पकड़ कर लूटे गए माल को बरामद कर लिया जाएगा ऐसा आश्वासन अग्रवाल समाज के लोगों को दिया है।



VEDANTA PVT. INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
Estd. 2015
MEHGAON, BHIND
वेदांत प्रा. I.T.I.
ट्रेड :- इलेक्ट्रीशियन, फिटर
योग्यता 10वीं पास
Mob. 7000404914, 7694927881
भिण्ड रोड, मेहगाँव, जिला भिण्ड (म.प्र.)

!! जय श्री सिद्ध गुरुदेव !!
10th All Sub.
9302855225
9144741160
(CBSE & NCERT BOARD)
HINDI & ENGLISH MEDIUM
By: योगेन्द्र सर
म.प्र. शासन की "BHIM" योजना के अंतर्गत Registration करवायें और Fees में 15% की छूट पाये
Coming Soon
REGISTRATION OPEN
Visit our website
www.yogendrasirgwalior.com
YOGENDRA SIR OFFICIAL APP
GET IT ON Google Play
पता- फोर्ट रोड सब्जी मंडी पुल के पास, हजीरा ग्वालियर ।

# बूथ विस्तारक योजना की सफलता के लिये कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर, डॉ.बेताल सिंह गौड़**

**मौं।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मौं की अति महत्वपूर्ण बूथ विस्तारक योजना की मंडल कार्यशाला का आयोजन मौं नगर में किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एंव मंण्डल प्रभारी निहाल सिंह राणा विशेष अतिथि के रूप में रघुबीर सिंह पवैया एंव युवा मौर्चा जिला उपाध्यक्ष रामख्तयार सिंह गुर्जर मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़े गौरव की बात है कि हम सब एक राष्टभक्त पार्टी से जुड़े हैं अब हम सब का कर्तव्य है कि अपनी पार्टी को मजबूती के लिए हम अपने अपने बूथ केंद्र को मजबूत करें। इसके लिए पार्टी द्वारा बूथ विस्तारक योजना का द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है इसकी तैयारी हेतु आज मौं में मंडल के 8 शक्ति केंद्रों के पंच परमेश्वर एवं विस्तारकों की कार्यशाला आयोजित की गई है हम सबको 14 मार्च से 24 मार्च तक इस अभियान में पूरी ताकत से




लगना है इसके इसके लिए पार्टी ने अलग-अलग शक्ति केंद्र पर विस्तारको की नियुक्ति की है जो 10 दिन में अपना 100 घंटे का समय पार्टी के लिए देंगे एवं बूथ केंद्र पर पार्टी द्वारा बताए गए कार्यो को संपन्न करेंगे जिसमें बूथ समिति की समीक्षा हितग्राही योजनाओं का जो लोग लाभ ले रहे हैं उनकी सूची बनाना । इसके साथ साथ बूथ केंद्र पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन की बात कार्यक्रम को महीने के अंतिम रविवार को जरूर सुनें ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला उपाध्यक्ष निहाल सिंह राणा ने कहा पार्टी संगठन ने बूथ विस्तारक योजना का जो कार्यक्रम बनाया है हम सबको विस्तारक के साथ मिलकर दस दिन कड़ी मेहनत करना है जिससे मिशन 2023 मैं पार्टी के वोट प्रतिशत को 51प्रतिशत किया जाए । बूथ विस्तारक योजना का दूसरा चरण जो प्रारंभ हो रहा है उसमें हम सबको पूरी मेहनत के साथ काम करना है बूथ विस्तारक योजना एक तरह से पार्टी के लिए जीत का गारंटी कार्ड है हमें केवल उचित लोगों का बूथ केंद्र पर चयन करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी हम सब लोगों को अपने अपने बूथ केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ देखना है हम सब कार्यकर्ताओं को बजट सत्र के दौरान राष्टपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण का बूथ केंद्र तक वाचन करना है एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार जन जन तक करना है। कार्यशाला में जो विस्तारक बूथ विस्तारक योजना में दस दिन अपना समय देंगे सभी अतिथियों का मंडल अध्यक्ष गोपाल सिंह कुशबाह द्वारा सम्मान किया गया ।बैठक का संचालन मंडल मिडिया प्रभारी सोमबीर सिबहरे ने किया अंत में आभार प्रकट मंण्डल महामंन्त्री सुल्तान मौर्य ने किया बैठक में मुख्य रूप से मण्डल उपाध्यक्ष धर्मेन्द राणा सन्तोष यादव पूरन गोयल अतुल राजपूत नरेंद्र कुशबाह अरुण बाल्मीकि बोंवी बिनोरिया राजू खांन सहित पार्टी के पंच परमेश्वर एंव विस्तारक मौजूद थे ।



# चौधरी रमाशंकर सिंह बने कांग्रेस के जिला महासचिव कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

दबोह। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी नेता प्रतिपक्ष डा.गोविंद सिंह के आशीर्वाद से कॉग्रेस नेता रमाशंकर चौधरी(रमा)को जिला महासचिव नियुक्त किया गया है।कॉग्रेस कमेटी ने कहा कि आगे आशा है की पार्टी की विचारधारा व कांग्रेस की रीति नीति के अनुरूप सक्रियता के साथ कार्य करते हुए संगठन एवम कांग्रेस पार्टी को गति शीलता प्रदान करेंगे।चौधरी रमाशंकर सिंह रमा कौरव को जिला कांग्रेस कमेटी भिंड की ओर से जिला कांग्रेस महा सचिव नियुक्त किया गया है। रमाशंकर सिंह(रमा कौरव)को भिण्ड कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त जिला महासचिव बनाए जाने पर बधाई देने बालों में शिवनारायण दुवे,रूपनारायण खटीक,रामेश्वर कौरव,राजपाल सिंह गुर्जर,मेहताब सिंह कौरव,रामकुमार गुर्जर,अरुण प्रताप सिंह गुर्जर,विजय सिंह नेता गोरा,सुरेश सिंह कौरव,नरेंद्र दुधारिया, चौधरी हाकिम सिंह,राजा भैया पाल, कप्तान सिंह कौरव,शेर सिंह कौरव, विनय सिंह बड़ागांव,धर्मेंद सिंह अधियरी,शिवराज सिंह बरथरा, चौधरी सुरेश सिंह,जसमंत नेता कसल,कन्हैया दोहरे,रविंद दीक्षित, शिवकांत भटेले,शिवकुमार गुप्ता, विनय गुप्ता,मेहताब सिंह,नारायण सिंह,रियाज खान,सना उल्ला खान, माधव यादव,शेरे पठान,कुअर दयाल,मुन्ना सिंह कौरव,ठाकुर दिनेश सिंह कौरव,दुर्गा प्रसाद राठौर,सुधीर सिंह तिवारी,गोविंद सिंह पाल राजेंद्र खेमरिया,रामलखन शर्मा,सिया कुशवाह,जबर सिंह कुशवाह,प्रदीप चौधरी,नाजिम खान,मुजीव खान, दिलीप सोनी,शेलेन्द्र सिंह गव्वर ठेकेदार,नरेश उदेनिया सहित सैकड़ों लोग शामिल हैं।

# शिवपुरी जनपद पंचायत कार्यालय में गंदगी का अंबार रोज देखते हैं कर्मचारी, नहीं देते ध्यान

**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** एक तरफ जहां भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत अभियान चलाया जा रहा है और



वही टीवी नगर पालिका द्वारा स्वच्छता का परिचय रात दिन दिया जा रहा है रोज कार्यालयों की सफाई का लोगों को भरोसा दिलाया जा रहा है जहां गांव गांव स्वच्छ शहर शहर स्वच्छ रखने का अभियान डार्लिंग जोरों से जलाकर आम जनता के करोड़ों रुपए टैक्स के स्वच्छता पर लगाए जा रहे हैं वही आज शिवपुरी जनपद कार्यालय में एक दृश्य देखने को मिला जिसे देखकर अच्छे-अच्छे अधिकारी कर्मचारी शर्मा जाएं ऐसे दृश्य को वहां पर अपनी नौकरी करने वाले कर्मचारी रात दिन देखते हैं फिर भी उसको सच करने का पीड़ा कोई नहीं उठाता इस दृश्य के सामने ही एक प्रशासनिक अधिकारी जोकि आईएएस रैंक का अधिकारी है वह रोज बैठते है और लोगों के भरोसे को जीतने वाले जनपद के अध्यक्ष फिर सामने अपने केबिन में बैठते हैं जिन्होंने अपने केवल के बाहर मास्क लगाने का संदेश तो दे रखा है लेकिन अपने ही कार्यालय में ठीक सामने इतना गंदा माहौल बना रखा है कि देखने वाले भी शर्म जाएं लेकिन वहां बैठने वाले प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारियों को अपने ही कार्यालय की गंदगी दिखाई नहीं देती है और वही लोग जब बाहर अन्य किसी के कार्यालय में पहुंचते हैं तो उसको गंदा साबित करने में कुल जाते हैं ऐसे लोगों को अपने कार्यालय पर पहले ध्यान देना चाहिए और जो प्रशासनिक अधिकारी आईएएस रैंक यहां बैठकर अपने केबिन में बिना इजाजत आने पर लोगों से मिलना पसंद नहीं करते उनको अपने कार्यालय की स्वच्छता के लिए जिलाधीश महोदय कलेक्टर साहब से इनाम की घोषणा जरूर करवानी चाहिए सत्यता में नंबर वन जनपद कार्यालय ऐसी उम्मीद के साथ खबरों का प्रकाशन कलेक्टर साहब के पास जरूर पहुंचाया जाएगा।



*कैलाश वासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधिया जी के जन्मदिन के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं महिलाओं के उत्थान और जनहितैषी योजनाओं को लागू करने के लिए खेल राज्य मंत्री महाराज यशोधरा राजे सिंधिया जी को एवं राजू बाथम जी को नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा जी एवं आशीर्वाद लाइफ सिक्योर प्राइवेट लिमिटेड एंबुलेंस 108 शिवपुरी मध्य प्रदेश से शोएब खान एवं यूनिवर्सल हुमन राइट्स काउंसिल मध्य प्रदेश की ओर से प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश मोहम्मद दारा खान और प्रदेश संगठन मंत्री सोहेल खान द्वारा संविधान उद्देशिका भेंटकर सम्मानित किया गया।*

# नगरपालिका परिषद अम्बाह में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर, मुरैना को सौंपा ज्ञापन

**केशब पंडित जी पत्रकारअम्बाह...**

अम्बाह... बीते दिनों ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बाह के ब्लॉक अध्यक्ष उमाचरण कटारे के नेतृत्व में स्थानीय पार्षदों के साथ श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर, नगर की मुख्य समस्याओं के निराकरण के विषय में बात की एवं लिखित ज्ञापन पत्र सौंपा गया। ज्ञापन पत्र में शहर की सफाई व्यवस्था ,जल भराव, स्ट्रीट लाइट प्रबंधन जैसी मूलभूत समस्याओं के निराकरण हेतु चर्चा कर ज्ञापन दिया। सर्व विदित है कि नालों और नालियों की नियमित सफाई के अभाव, जल भराव के कारण अम्बाह नगर वार्ड नंबर 17 तालाब के आसपास, वार्ड नं 3 पूठ रोड, वार्ड 5 हाथी गड्ढा, वार्ड नंबर 12 प्रजापति मुहल्ला, एवं चिरपुरा रोड सहित ऐसे कई स्थान हैं जो जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। सफाई व्यवस्था दुरूस्त न होने से सम्पूर्ण नगर मच्छरों से परेशान है। जिसकी तरफ नगर प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। यहां तक कि नगर के मुख्य मार्ग गढ्ढों में बदल चुके हैं, आए दिन



लोग दुर्घटना का शिकार होते हैं इन सभी समस्याओं के स्थाई निराकरण हेतु नगर पालिका उपाध्यक्ष श्रीमती शशि देवी-राजेन्द्र सिंह, श्रीमती मंजू मधुराज सिंह तोमर, श्री जय राजोरिया, श्रीमती ललिता अतेन्द्र, सुनील सखबार ने ब्लॉक अध्यक्ष श्री उमाचरण कटारे जी के साथ श्रीमान जिला कलेक्टर महोदय से मुलाकात कर ज्ञापन पत्र सौंपा जिस पर जिला कलेक्टर महोदय मुरैना ने पंद्रह दिवस के भीतर उचित कार्रवाई कर निराकरण करने का भरोसा दिलाया है। जनहित के मुद्दे लगातार उठाए जाते रहेंगे। आप भी एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने नगर की आवाज बनकर, नगर को रहने के काबिल बनाने में हमारा साथ दें।

# माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में अब पन्ना की मादा बाघ को छोड़ा गया

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



**शिवपुरी।** माधव नेशनल पार्क शिवपुरी में पहले चरण में एक नर और एक मादा टाइगर छोडे गये थे। मध्यरात्रि लगभग 12 बजे पन्ना से लाई गई मादा टाइगर को बाड़े में छोड़ा गया है। पन्ना से आई मादा टाइगर बाडे में पूरी तरह से स्वस्थ है। मुख्य वन संरक्षक एवं परियोजना के संचालक उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि माधव राष्ट्रीय उद्यान में बाघ पुनर्स्थापना के अन्तर्गत पन्ना टाइगर रिजर्व की मादा बाघ क्रमांक 141 (12)(12) मध्यरात्रि लगभग 12 बजे परिक्षेत्र पूर्व के अन्तर्गत स्थित टाइगर बाड़े में छोड़ दी गई है। यह मादा बाघ पूरी तरह स्वस्थ है। इस मौके पर अनिल कुमार सोनी सहायक संचालक, डॉ. जितेन्द्र कुमार जाटव पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, परिक्षेत्र अधिकारी एवं अधीनस्थ स्टाफ भी उपस्थित रहा।

# अम्बाह पीजी कॉलेज अम्बाह एनएसएस शिविर का हुआ उद्घाटन...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

अम्बाह - अंबाह पीजी कॉलेज अंबाह की रासेयो इकाइयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ बड़ी तोर अंबाह में दिनांक 13 मार्च



2023 से प्रारंभ हुआ यह 19 मार्च 2023 तक चलेगा। शिविर का आरंभ प्रातः महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. शिवराज सिंह तोमर ने सभी स्वयंसेवकों को शिविर में जाने के लिए शुभकामनाएं तथा आशीर्वाद दिया और रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ किया। यह रैली महाविद्यालय से शिविर स्थल तक पहुंची। रैली में नारों के माध्यम से नशा मुक्ति और स्वच्छता का संदेश दिया। शिविर के उद्घाटन सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं रासेयो संरक्षक डॉ.शिवराज सिंह तोमर एवं मुख्य अतिथि के रूप एस.एस. तोमर तथा ओमकार दास पुजारी जी मंचासीन थे। सभी अतिथियों ने सरस्वती पूजन कर स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया । प्राचार्य जी ने सभी शिविरार्थियों को रासेयो के माध्यम से नेतृत्व की क्षमता के साथ समाज सेवा के द्वारा अपने व्यक्तित्व का विकास कैसे करेंगे तथा स्वच्छता हमारे जीवन में क्यों आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूर्णिमा अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर पंकज भदौरिया व रक्षा कम्ठान उपस्थित रहीं।

# नहीं रहे देश के जानेमाने पत्रकार डॉ. वेद प्रताप वैदिक

**रघुवर दयाल गोहिया**

**सीहोर।** देश के लब्धप्रतिष्ठित पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक का दिल्ली में मंगलवार की सुबह निधन हो गया



है। उनके निधन का समाचार मिलते ही स्थानीय पत्रकारों में शोक की लहर छा गई। इस मौके पर गमगीन माहौल में जिला प्रेस क्लब में शोकसभा का आयोजन कर स्व. वैदिकजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार रघुवर दयाल गोहिया ने बताया कि वैदिकजी का जन्म 30 दिसम्बर 1944 को इंदौर, मध्य प्रदेश में हुआ था। वह देश के वरिष्ठ पत्रकार, राजनैतिक विश्लेषक, पटु वक्ता एवं हिन्दी प्रेमी थे और हिन्दी को भारत और विश्व मंच पर स्थापित करने की दिशा में सदा प्रयत्नशील रहते थे। भाषा के सवाल पर स्वामी दयानन्द सरस्वती, महात्मा गांधी और डॉ. राममनोहर लोहिया की परम्परा को आगे बढ़ाने वालों में डॉ. वैदिक का नाम अग्रणी है। उनकी शिक्षा एम. ए., पीएचडी (जेएनयू) से हुई और वह आज तक अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, साहित्यिक आन्दोलन,हन्दी के लिये सत्याग्रह जैसे महान कार्यों में निरंतर सक्रिय रहे। उन्हें रामधारी सिंह दिनकरसम्मान, हिन्दी अकादमी, दिल्ली सम्मान, राममनोहर लोहिया सम्मान जैसे अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया गया। वैदिक जी अनेक भारतीय व विदेशी शोध-संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों में 'विजिटिंग प्रोफेसर' रहे हैं। भारतीय विदेश नीति के चिन्तन और संचालन में उनकी भूमिका उल्लेखनीय है। अपने पूरे जीवन काल में उन्होंने लगभग 80 देशों की यात्रायें की हैं। अंग्रेजी पत्रकारिता के मुकाबले हिन्दी में बेहतर पत्रकारिता का युग आरम्भ करने वालों में डॉ. वैदिक का नाम अग्रणी रहेगा। उन्होंने सन् 1958 से ही पत्रकारिता प्रारम्भ कर दी थी। नवभारत टाइम्स में पहले सह सम्पादक, बाद में विचार विभाग के सम्पादक भी रहे। उन्होंने हिन्दी समाचार एजेन्सी भाषा के संस्थापक सम्पादक के रूप में एक दशक तक प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया में काम किया। वर्तमान में आप भारतीय भाषा सम्मेलन के अध्यक्ष तथा नेटजाल डाट काम के सम्पादकीय निदेशक थे। पाकिस्तान में उनके द्वारा आतंकवादी संगठन के सरगना हाफिज सईद का उसके घर में जाकर लिया गया इंटरव्यू बहुचर्चित हुआ था। जो एक साहसिक, दबंग और निर्भय पत्रकारिता का जीवंत उदाहरण था। सीहोर से भी उनका गहरा लगाव रहा है। वह अनेकों बार पत्रकार सम्मेलनों और अमर शहीद कुंवर चैन सिंह की स्मृति में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में सहजता पूर्वक आते रहे। 24 जुलाई 2013 में वह कुंवर चैन सिंह स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अंतिम बार यहां आए थे। वह हमेशा पत्रकारों को प्रोत्साहित करते रहते थे और उनके चेहरे पर सहज सरल मुस्कान बनी रहती थी। निश्चय ही देश के लिए और विशेष रूप से पत्रकारिता जगत के लिए उनका निधन होने से अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना असंभव है। शोकसभा को जिला प्रेस क्लब के अध्यक्ष राकेश राय ने भी



संबोधित किया। इस दौरान पत्रकार एआर शेख मुंशी, बिल्लू समाधिया, कपिल गौर, मनोज दीक्षित मामा, राजेंद्र नागर, सचिन महोबिया, दीपक मंडलोई आदि उपस्थित थे। सभी ने स्व. वैदिकजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी उपस्थितों ने स्व. वैदिकजी की आत्म शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।

# बूथ विस्तारक योजना की सफलता के लिये कार्यशाला का हुआ आयोजन

**संतोष सिंह भदौरिया**

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी मंडल गोरमी की अति महत्वपूर्ण बूथ विस्तारक योजना की मंडल कार्यशाला का आयोजन नगर के थाना रोड स्थित सत्यनारायण थापक के आवास पर किया गया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के जिला मंत्री राजकुमार जैन विशेष अतिथि के रूप में श्रीकृष्ण कटारे बरिष्ठ नेता जय सिंह गुर्जर मौजूद थे बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया इसके बाद बैठक की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हम सब कार्यकर्ताओं के लिए बड़े गौरव की बात है कि हम सब एक राष्टभक्त पार्टी से जुड़े हैं अब हम सब का कर्तव्य है कि अपनी पार्टी को मजबूती के लिए हम अपने अपने बूथ केंद्र को मजबूत करें। इसके लिए पार्टी द्वारा भूत विस्तारक योजना का द्वितीय चरण प्रारंभ किया जा रहा है इसकी तैयारी हेतु आज गोरमी में मंडल के 8 शक्ति केंद्रों के पंच परमेश्वर एवं विस्तारकों की कार्यशाला आयोजित की गई है हम सबको 14 मार्च से 24 मार्च तक इस अभियान में पूरी ताकत से लगना है इसके इसके लिए पार्टी ने अलग-अलग शक्ति केंद्र पर विस्तारको की नियुक्ति की है जो 10 दिन में अपना 100 घंटे का समय पार्टी के लिए देंगे एवं बूथ केंद्र पर पार्टी द्वारा बताए गए कार्यो को संपन्न करेंगे जिसमें बूथ समिति की समीक्षा हितग्राही योजनाओं का जो लोग लाभ ले रहे हैं उनकी




सूची बनाना । इसके साथ साथ बूथ केंद्र पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी के मन की बात कार्यक्रम को महीने के अंतिम रविवार को जरूर सुनें ।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित पार्टी के जिला मंत्री राजकुमार जैन ने कहा पार्टी संगठन ने बूथ विस्तारक योजना का जो कार्यक्रम बनाया है हम सबको विस्तारक के साथ मिलकर दस दिन कड़ी मेहनत करना है जिससे मिशन 2023 मैं पार्टी के वोट प्रतिशत को 51त्न किया जाए । बूथ विस्तारक योजना का दूसरा चरण जो प्रारंभ हो रहा है उसमें हम सबको पूरी मेहनत के साथ काम करना है बूथ विस्तारक योजना एक तरह से पार्टी के लिए जीत का गारंटी कार्ड है हमें केवल उचित लोगों का बूथ केंद्र पर चयन करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को भी हम सब लोगों को अपने अपने बूथ केंद्र पर कार्यकर्ताओं के साथ देखना है हम सब कार्यकर्ताओं को बजट सत्र के दौरान राष्टपति द्रोपदी मुर्मू के अभिभाषण का बूथ केंद्र तक वाचन करना है एवं केंद्र एवं राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार जन जन तक करना है। कार्यशाला में जो विस्तारक बूथ विस्तारक योजना में दस दिन अपना समय देंगे उनका मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक द्वारा सम्मान किया गया ।बैठक का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य ने किया अंत में आभार प्रकट बरिष्ठ नेता ऋषिकेश शर्मा ने किया बैठक में मुख्य रूप से मण्डल उपाध्यक्ष धुर्व शर्मा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विजय कुशवाह मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव रामवीर गुर्जर मंडल मंत्री शिवराज यादव मोनू शर्मा ऋषिकेश शर्मा सुनील मिश्रा मुकेश थापक दिनेश यादव कन्हैयालाल थापक सोनू भदौरिया राहुल कटारे ब्रज किशोर थापक रवि सोनी भूरे सरपंच जहान सिंह जाटव अरविन्द जैन अमर चंद जैन सहित पार्टी के पंच परमेश्वर एबम विस्तारक मौजूद थे ।

# 'असद बज़्मे-तमाशा में, तग़ाफ़ुल पर्दादारी है'

**कभी-कभार:** कहा जाता है कि उनकी असली महत्वाकांक्षा फ़ारसी में एक बड़े कवि के रूप में मान्यता पाने की थी।

अशोक वाजपेयी

> इसे ग़ालिब का आत्मविश्वास कहें या कि एक कस्मि की हेकड़ी कि उन्हें अपने लगभग असंभव होने का तीखा एहसास था।...ग़ालिब ने अपनी शायरी का आलम घर, आग, तमाशे, ग़मेहस्ती, नाउम्मीदी, तमन्ना, बियाबान और उरियानी से रचा-गढ़ा। दिगंबरता को याने उरियानी को उनके यहां जैसे बरता गया है वह पश्चिमी न्यूडिटी की अवधारणा से बिल्कुल अलग है।

***दो आलमों से अलग तीसरा आलम***

कई विश्वविद्यालयों द्वारा, सभी निजी, ईरान और भारत के संबंध और संवाद में ग़ालिब की उर्दू कविता के दो आलमों, उर्दू और फारसी को लिखकर बनाए तीसरे आलम पर कुछ कहने कुछ की धृष्टता की। उनके लिए भारत एक ठोस-भौतिक-अपरिहार्य आलम था और फ़ारस एक कल्पना-लोक। उनके बिंब, कई दार्शनिक और साहित्यिक अभिप्राय, प्रतीक और आख्यान फ़ारसी से आते थे पर वे उनकी गहरी भारतीयता के रूपों में ढल जाते थे।

पहले मैं उनके कई अशआर उद्धृत कर चुका हूं जिनमें पहली पंक्ति पूरी या अधिकांशतः फ़ारसी में है और दूसरी उर्दू में। उनके कुल कृतित्व का चार बटा पांच हिस्सा फ़ारसी में लिखा गया है। यह भी कहा जाता है कि उनकी असली महत्वाकांक्षा फ़ारसी में एक बड़े कवि के रूप में मान्यता पाने की थी और उर्दू कविता को वे विशेष महत्त्व नहीं देते थे। लेकिन, दूसरी ओर, यह सच है कि उन्हें फ़ारसी के मुक़ाबले उर्दू की शक्ति पर भी भरोसा था। उनका एक शेर देखिए:

*जो यह कहे, कि रेख़्तः क्योंकि हो*
*रश्क-ए-फ़ारसी*
*गुस्तः-ए-ग़ालिब एक बार पढ़के उसे*
*सुना, कि यों*



उनका प्रसिद्ध शेर यह भी है:

*जामे-हर-ज़र्रा, है सरशारे तमन्ना मुझसे*
*जिसका दिल हूं, कि दो आलम से*
*लगाया है मुझे*

इसे ग़ालिब का आत्मविश्वास कहें या कि एक क़स्मि की हेकड़ी कि उन्हें अपने लगभग असंभव होने का तीखा एहसास था। उन्होंने अपने को 'मैं अंदली बे-गुलशने-नाआफ़रीदा हूं' कहा था और यहां तक कह डाला था कि,

*न सताइश की तमन्ना, न सिले की*
*परवा*
*गर नहीं है मिरे अशआर में मानी, न सही*

यह भी जोड़ा था

*गंजीने-मानी का तिलिस्म उसको*
*समझिए*
*जो लफ्ज कि ग़ालिब, मेरे अशआर*
*में आवे*

नाउम्मीदी का जो विशद स्थापत्य ग़ालिब ने अपनी कविता में रचा और जो भारतीय काव्य-परंपरा में उनका बहुत मूल्यवान अवदान है, वह तीख़ी बेचैनी और गहरे आत्मालोचन से उपजा था। तीन अशआर इसका अनोखा रूपांकन हैं:

*उस शमअ की तरह से, जिसको कोई*
*बुझा दे*
*मैं भी जले हुओं में, हूं दाग़-ए-नातमामी*
*न गुल-ए-नग़्मा हूं, न पर्दः-ए-साज़*
*मैं हूं अपनी शिकस्त की आवाज़*
*बस कि हूं, ग़ालिब, असीरी में भी*
*आतश ज़ेर-ए-पा*
*मू-ए-आतश दीदः, है हल्कः मिरी*
*जंजीर का*

ग़ालिब ने अपनी शायरी का आलम घर, आग, तमाशे, ग़मेहस्ती, नाउम्मीदी, तमन्ना, बियावान और उरियानी से रचा-गढ़ा। दिगंबरता को याने उरियानी को उनके यहां जैसे बरता गया है वह पश्चिमी न्यूडिटी की अवधारणा से बिल्कुल अलग है। उनका एक शेर है:

*'असद' बज़्मे-तमाशा में, तग़ाफ़ुल*
*पर्दादारी है*
*अगर ढांपे, तो आंखें ढांप, हम तस्वीरे-*
*उरियां हैं*

क्या हम ग़ालिब की कविता को, एक तरह से, तस्वीरें उरियां कह सकते हैं?

*(साभार-दवायर)*

## समाचार विश्लेषण : खतरनाक है संवेदनशील पहाड़ों से छेड़छाड़

> पर्यावरणविदों का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश में लोअर सुबनसिरी, दिबांग और ऐसी दूसरी बड़ी परियोजनाओं का निर्माण अरुणाचल के साथ असम के लिए भी चिंता का विषय है। इन परियोजनाओं के खतरों से निपटने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश का तीन चौथाई हिस्सा भूस्खलन के लिहाज से काफी संवेदनशील है। इलाके में ऐसी परियोजनाओं के लिए बांधों के निर्माण के दौरान जलाशय की वजह से संभावित आपदा के खतरों को ध्यान में नहीं रखा गया है। इन परियोजनाओं के तहत सड़कों के निर्माण के लिए पहाड़ों की कटाई और विस्फोट के कारण नदियों में भारी मलबा जमा होगा, जो निचले इलाके में असम की ओर आएगा। इससे राज्य में नदियों की गहराई कम हो जाएगी। इन परियोजनाओं की वजह से नदियों में जमा होने वाली गाद के बारे में कोई आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काम करने वाले असम के एक गैर-सरकारी संगठन के कार्यकर्ता दिनेश भट्टाचार्य कहते हैं, ? अरुणाचल के ऊपरी इलाकों में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से असम के मैदानी इलाकों में नदियों की तलछट का बोझ बढ़ने के कारण उनकी गहराई कम हो गई है।"

उनका कहना है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से इलाके में मॉनसून के दौरान बारिश अनियमित और अप्रत्याशित हो गई है। नतीजतन असम के विभिन्न इलाकों में बाढ़ और सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाएं बढ़ गई हैं। भट्टाचार्य की दलील है कि एक ओर तो सरकार आपदा प्रबंधन पर ध्यान दे रही है और दूसरी ओर संभावित खतरों के किसी ठोस और वैज्ञानिक आकलन के बिना ही विनाशकारी परियोजनाओं पर पैसा लगा रही है।पर्यावरणविदों का कहना है कि अरुणाचल प्रदेश में लोअर सुबनसिरी, दिबांग और ऐसी दूसरी बड़ी परियोजनाओं का निर्माण अरुणाचल के साथ असम के लिए भी चिंता का विषय है। इन परियोजनाओं के खतरों से निपटने के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है।

अरुणाचल प्रदेश में विभिन्न सामाजिक और गैर-सरकारी संगठनों के बारी विरोध के बावजूद वन सलाहकार समिति (एफएसी) ने फिलहाल इस पर अस्थायी रोक लगा दी है और पुनर्विचार करने को कहा है।

दिबांग घाटी जिले में प्रस्तावित इस परियोजना के लिए बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई पर्यावरणरणविदों और स्थानीय लोगों के लिए गहरी चिंता का विषय है। यह परियोजना उसी दिबांग नदी पर बनाई जा रही है, जहां हाल ही में 2,880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना शुरू की गई थी। इदु मिश्मी यूथ नामक स्थानीय संगठन ने एफएसी को भेजे ज्ञापन में कहा था कि इलाके के लोगों, नदियों और पहाड़ों के लिए इन परियोजनाओं के गंभीर, अपरिवर्तनीय और विनाशकारी परिणाम होंगे।

दरअसल, दिबांग नदी पर प्रस्तावित 3,097 मेगावाट क्षमता वाली इस परियोजना के लिए इलाके में 2.170 लाख पेड़ों को काटा जाना है। इस क्षेत्र में पक्षियों की करीब 700 प्रजातियां पाई जाती हैं। यह भारत में पाई जाने वाली पक्षियों की कुल प्रजातियों का लगभग आधा है। ऐसे में अगर पेड़ों की कटाई होती है, तो सीधा असर इनके जीवन पर पड़ेगा। स्थानीय निवासियों व पर्यावरणविदों का कहना है कि दिबांग घाटी में इस परियोजना के अलावा दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना पहले से ही प्रस्तावित है। इनके निर्माण के बाद बड़ा इलाका पानी में डूब जाएगा।उधर, नीपको की कामेंग पनबिजली परियोजना अरुणाचल प्रदेश में बिचोम नदी के नीचे के गांवों को प्रभावित कर रही है। **(dw.com/hi)**

अपनी बात
संपादकीय

## समीकरण पलट गए हैं

> खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। इससे अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है।

*चीन की मध्यस्थता में सऊदी अरब और ईरान के बीच समझौता हो जाने से अमेरिका के रणनीतिक हलके हतप्रभ हैं। पश्चिम एशिया के जिस क्षेत्र को अमेरिका का प्रभाव क्षेत्र माना जाता था, वहां चीन की इतनी गहरी पैठ बन चुकी है, इसका अंदाजा वहां के नीति निर्माताओं को संभवतः नहीं था। खुद अमेरिकी विशेषज्ञों ने कहा है कि बीजिंग में हुआ यह समझौता खेल का रुख बदल देने वाली घटना है। कहा गया है कि अब तक अमेरिका में गहरी बैठी रही इस राय पर अब निर्णायक प्रहार हुआ है कि अमेरिका पश्चिम एशिया और पूरी दुनिया के लिए अपरिहार्य है। हालांकि ईरान और सऊदी अरब के बीच कूटनीतिक रिश्ते 2016 में टूटे थे, लेकिन दोनों देशों के संबंध हमेशा से टकरावपूर्ण रहे हैं। ईरान शिया देश है, जबकि सऊदी अरब सुन्नी मुस्लिम दुनिया का नेता समझा जाता है। इस्लाम के भीतर शिया और सुन्नी के टकराव की ऐतिहासिक वजहें रही हैं। हाल के दशकों में इन दोनों देशों के टकराव ने इस्लामी दुनिया को बांटे रखा है। सीरिया, लेबनान, फिलस्तीन से लेकर इराक तक फैली अशांति में इन दोनों देशों के हाथ का पहलू शामिल है। अब अगर सचमुच दोनों देशों में मेलमिलाप होता है, तो उसका असर इन सभी देशों- बल्कि पूरे पश्चिम एशिया पर होगा।*

*दोनों देशों ने चीन की इस राय का समर्थन किया है कि बिना आर्थिक विकास के शांति कायम नहीं हो सकती। जाहिर है, इसी बिंदु पर अपनी ताकत से चीन ने दोनों को प्रभावित किया। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, 5-जी, सोलर एनर्जी आदि से लेकर इन्फ्रास्ट्रक्चर तक के विकास से जुड़ी संपन्नता का सपना उसने इन देशों को दिखाया है। दोनों देश चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव का भी हिस्सा हैं। दरअसल, अगर कुछ आगे बढ़ कर देखें, तो तुर्किये, कतर, यूएई जैसे देश भी चीन के प्रभाव में आते नजर आते हैं। यह पश्चिम एशिया में सचमुच एक बड़े बदलाव का संकेत है।*

## मृत्युदंड और अहम सवाल

> सर्वोच्च न्यायालय ने सजा सुनाने के मौजूदा ढांचे में कमी की बात को स्वीकार करते हुए इसे दूर करने के लिए एक संविधान पीठ का गठन किया है। क्या यह उचित नहीं होगा कि इस पीठ का निर्णय आने तक मृत्युदंड पर अस्थायी विराम लगा दिया जाए?

*पिछले महीने में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत ने इस्लामिक स्टेट (आईएस) के मॉड्यूल को संचालित करने के आरोप में सात लोगों को मौत की सजा सुनाई। इन लोगों को 2017 में गिरफ्तार किया गया था। उनके खिलाफ यह आरोप साबित हुआ कि यह समूह देश के अलग-अलग हिस्सों में विस्फोट करने की योजना बना रहा था। अगर ऐसे आरोप किसी व्यक्ति पर साबित हों, तो उसे अवश्य ही कठोर सजा सुनाई जानी चाहिए। लेकिन क्या सजा-ए-मौत ही ऐसे अपराधों को रोकने का सबसे उचित तरीका है, इस फैसले से यह बहस फिर छिड़ी है। यह एक संयोग ही है कि जिस दिन इन लोगों को मौत की सजा सुनाई गई, उसी दिन संयुक्त राष्ट्र में मानव अधिकार विभाग के उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने मांग की कि जिन 79 देशों में मृत्युदंड का प्रावधान है, वे इसे खत्म करने की दिशा में उचित प्रयास करें। उन्होंने कहा- 'अगर हम इस अमानवीय सजा को खत्म करने की दिशा में अपना प्रयास जारी रखते हैं, तो हम अपने समाज में मानवता के लिए सम्मान सुनिश्चित कर सकते हैं।'*

*जाहिर है, भारत उन 79 देशों में शामिल है, जिनसे संयुक्त राष्ट्र ने अपील की है। भारत में आज भी अदालतें हत्या, बाल यौन हिंसा और आतंकवाद जैसे गंभीर अपराधों के लिए मृत्युदंड दे सकती हैं, जबकि दुनिया के 130 से अधिक देश अपनी वैधानिक व्यवस्था में मृत्यु दंड के प्रावधान को खत्म कर चुके हैं। वैसे भारत में भी इस सजा की उपयोगिता पर दशकों से बहस चलती रही है। मृत्युदंड के विरोधियों की दलील है कि मौत की सजा देना असंगत, मनमाना और संभावित रूप से भेदभावपूर्ण है, क्योंकि कोई न्यायाधीश पक्षपात और पूर्वाग्रहों का शिकार होकर भी सजा सुना सकता है। दरअसल, पिछले वर्ष पहली बार भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्वीकार किया था कि सजा सुनाने की मौजूदा संरचना में कमी है। न्यायालय ने इस कमी को दूर करने के लिए एक अन्य संविधान पीठ का गठन किया है।*



■ अशोक 'प्रवृद्ध'

**लोक मान्यतानुसार शीतला माता की पूजा के दिन घर में चूल्हा नहीं जलता है, और परिवार के सभी लोग एक दिन पूर्व बनी हुई बासी भोजन ग्रहण करते हैं। आज भी लाखों लोग इस नियम का बड़ी आस्था के साथ पालन करते हैं। शीतला माता की उपासना अधिकांशतः वसंत एवं ग्रीष्म ऋतु में होती है। शीतला (चेचक रोग) के संक्रमण का यही मुख्य समय होता है। इसलिए इनकी पूजा का विधान पूर्णतः सामयिक है। चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ के कृष्ण पक्ष की अष्टमी शीतला देवी की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित होती है। इसलिए यह दिन शीतलाष्टमी के नाम से विख्यात है।**

# रोगों को दूर करने वाली देवी शीतला माता

प्राचीन काल से ही भारत में आयु वृद्धि तथा संतान की कामना पूर्ति के उद्देश्य से शीतला माता का व्रत और पूजन किये जाने की परिपाटी है। इस व्रत में होली सम्पन्न होने के अगले सप्ताह अर्थात चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि से प्रारम्भ कर अष्टमी तिथि तक रोगों को दूर करने वाली देवी के रूप में मान्यता प्राप्त देवी शीतला के व्रत का आयोजन किया जाता है, लेकिन कुछ स्थानों पर इनकी पूजा होली के बाद पड़ने वाले पहले सोमवार अथवा गुरुवार के दिन ही की जाती है। पुराणों के अनुसार शीतला का व्रत चैत्र मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी – अष्टमी तिथि को होता है, और यही तिथि मुख्य मानी गई है। किन्तु कुछ जगहों पर बैशाख कृष्ण पक्ष की सप्तमी - अष्टमी तिथि को यह मनाई जाती है। कुछ अन्य स्थानों पर ज्येष्ठ अथवा आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष की सप्तमी -अष्टमी तिथि को मनाई जाती है। स्कन्द पुराण के अनुसार इस व्रत को चार महीनों में, यथा चैत्र बैसाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ आदि चतुर्मासी शीतला सप्तमी-अष्टमी व्रत करने का विधान है। इसमें पूर्वविद्धा अष्टमी (व्रतमात्रेऽष्टमी कृष्णा पूर्वा शुक्लाष्टमी परा) ली जाती है। चूँकि इस व्रत पर एक दिन पूर्व बनाया हुआ बासी भोजन किया जाता है। इसलिए इस व्रत को बसौड़ा, लसौड़ा या बसियौरा भी कहते हैं। शीतला को चेचक नाम से भी जाना जाता है।

लोक मान्यतानुसार शीतला माता की कृपा पूरे परिवार बनी रहे इसलिए शीतला सप्तमी-अष्टमी के इस पर्व में शीतला माता का व्रत और पूजन किया जाता है। इस दिन श्वेत पाषाण रूपी माता शीतला की पूजा की जाती है। विशेष रुप से उत्तरी भारत तथा बंगाल राज्य में प्रचलित और स्त्रियों के द्वारा किये जाने वाले इस व्रत में व्रत के दिन उपवास करने वाली स्त्रियों को गर्म जल से स्नान तथा गर्म भोजन करना सर्वथा



**14 मार्चः शीतला माता व्रत**

वर्जित है। लोक मान्यतानुसार शीतला माता की पूजा के दिन घर में चूल्हा नहीं जलता है, और परिवार के सभी लोग एक दिन पूर्व बनी हुई बासी भोजन ग्रहण करते हैं। आज भी लाखों लोग इस नियम का बड़ी आस्था के साथ पालन करते हैं। शीतला माता की उपासना अधिकांशतः वसंत एवं ग्रीष्म ऋतु में होती है। शीतला (चेचक रोग) के संक्रमण का यही मुख्य समय होता है। इसलिए इनकी पूजा का विधान पूर्णतः सामयिक है।

चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ और आषाढ़ के कृष्ण पक्ष की अष्टमी शीतला देवी की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित होती है। इसलिए यह दिन शीतलाष्टमी के नाम से विख्यात है। भगवती शीतला की पूजा का विधान भी विशिष्ट होता है। शीतलाष्टमी के एक दिन पूर्व उन्हें भोग लगाने के लिए बासी खाने का भोग अर्थात बसौड़ा तैयार कर लिया जाता है। अष्टमी के दिन बासी पदार्थ ही देवी को नैवेद्य के रूप में समर्पित किया जाता है और भक्तों के बीच प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है। यही कारण है कि संपूर्ण उत्तर भारत में शीतलाष्टमी त्योहार, बसौड़ा के नाम से विख्यात है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन के बाद से बासी खाना खाना बंद कर दिया जाता है। यह बासी खाना खा सकने का ऋतु का अंतिम दिन होता है।

पुराणों तथा लोककथाओं व लोकगीतों में माता शीतला की महिमा व कथा का वृहत अंकन किया गया है । स्कंद पुराण में शीतला देवी का वाहन गर्दभ बताया गया है। माता शीतला हाथों में कलश, सूप, मार्जन (झाड़ू) तथा नीम के पत्ते धारण करती हैं। इन बातों का प्रतीकात्मक महत्व है। चेचक का रोगी व्यग्रता में वस्त्र उतार देता है। सूप से रोगी को हवा की जाती है, झाड़ू से चेचक के फोड़े फट जाते हैं। नीम के पत्ते फोड़ों को सड़ने नहीं देते। रोगी को ठंडा जल प्रिय होता है, इसलिए कलश का महत्व है। गर्दभ की लीद के लेपन से चेचक के दाग मिट जाते हैं। शीतला मंदिरों में प्रायः माता शीतला को गर्दभ पर ही आसीन दिखाया गया है। स्कन्द पुराण में इनकी अर्चना का स्तोत्र शीतलाष्टक के रूप में प्राप्त होता है। ऐसी मान्यता है कि इस स्तोत्र की रचना भगवान शंकर ने लोकहित में की थी। शीतलाष्टक शीतला देवी की महिमा गान करता है, साथ ही उनकी उपासना के लिए भक्तों को प्रेरित भी करता है। पुराणों में भगवती शीतला की वंदना करते हुए कहा गया है -

***वन्देऽहंशीतलांदेवीं रासभस्थांदिगम्बराम्।।***
***मार्जनीकलशोपेतां सूर्पालंकृतमस्तकाम्।।***

अर्थात - गर्दभ पर विराजमान, दिगम्बरा, हाथ में झाड़ू तथा कलश धारण करने वाली, सूप से अलंकृत मस्तकवालीभगवती शीतला की मैं वंदना करता हूं। शीतला माता के इस वंदना मंत्र से यह पूर्णतःस्पष्ट हो जाता है कि ये स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी हैं। हाथ में मार्जनी [झाड़ू] होने का अर्थ है कि हम लोगों को भी सफाई के प्रति जागरूक होना चाहिए। कलश से हमारा तात्पर्य है कि स्वच्छता रहने पर ही स्वास्थ्य रूपी समृद्धि आती है।

मान्यता अनुसार इस व्रत को करने से शीतला देवी प्रसन्न होती हैं और व्रती के कुल में दाहज्वर, पीतज्वर, विस्फोटक, दुर्गन्धयुक्त फोडे, नेत्रों के समस्त रोग, शीतला की फुंसियों के चिन्ह तथा शीतलाजनित दोष दूर हो जाते हैं। शीतला माता का मंदिर वटवृक्ष के समीप ही होता है। शीतला माता के पूजन के बाद वट का पूजन भी किया जाता है। मान्यता है कि शुद्ध मन से इस व्रत को करने वाली महिला के घर- परिवार को शीतला देवी धन-धान्य से पूर्ण कर प्राकृतिक विपदाओं से दूर रखती हैं।

स्वच्छता और पर्यावरण को सुरक्षित रखने की प्रेरणा देने वाली भगवती शीतला माता के व्रत के सम्बन्ध में कई पौराणिक कथा भी प्रचलित है। कथा के अनुसार प्राचीन काल में एक बार चैत्र के महीने में कृष्ण पक्ष अष्टमी के दिन शीतला माता घूमने निकली, लेकिन वे जहाँ भी गई उन्हें खाने में सभी के यहाँ गर्म भोजन ही मिली। इससे उनके पेट में गर्मी हो गई। जब वह एक निर्धन बुढ़िया के घर गई, तो उन्हें ठंडी-ठंडी छाछ राबड़ी खाने को मिली। इससे उनके पेट में बहुत ठंडक मिली। तब माता ने वृद्धा से कहा कि तेरे यहाँ मुझे बहुत आराम मिला है। यह कह उन्होंने उसे एक लोटा पानी देते हुए कहा कि इसे अपनी झोपड़ी की चारों तरफ गिरा लेना। कल सम्पूर्ण नगर में आग लगेगी, परन्तु तुमने आज मुझे ठंडा-ठंडा भोजन खाने को दिया है,इसलिए तेरी झोपड़ी में आग नही लगेगी। बुढ़िया ने ऐसा ही किया और अपने झोपड़ी के चारों ओर माँ की दी हुई जल बिखेर दी। दूसरे दिन सम्पूर्ण नगर में आग लग गई, परन्तु उस बुढ़िया की झोपड़ी बच गई, तो नगर के राजा ने उस बुढ़िया को बुलाया और पूछा कि पूरा नगर जल गया, परन्तु तेरी झोपड़ी कैसे बच गई?

इस पर बुढ़िया ने बताया कि कल नगर में शीतला माता आई थी तो सबने उन्हें गर्म खाना दिया इससे उनके पेट में आग लग गई और जब वह मेरे घर पर आई तो मेरे पास तो ठंडी छाछ राबड़ी थी वह मैंने उन्हें दी, जिसे खाने पर उन्हें आराम मिला।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण आयोजित

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**

**शिवपुरी।** प्रदेश सरकार द्वारा अभी मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत 25 मार्च से हितग्राहियों के आवेदन जमा होंगे। किस प्रकार आवेदक को आवेदन जमा करना है। वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर कैंप आयोजित होंगे। योजना के संबंध में कौन हितग्राही पात्र है आदि को लेकर जनपद स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। 14 से 16 मार्च तक जनपद स्तर पर प्रशिक्षण का आयोजन होगा।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद शिवपुरी में पीजी कॉलेज, कोलारस में आईटीआई, बदरवास में जनपद पंचायत हॉल में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसके अलावा नगरीय क्षेत्र में शिवपुरी नगर पालिका, नगर परिषद कोलारस और बदरवास में प्रशिक्षण का आयोजन हुआ, जिसमें कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा योजना की बारीकियों से अवगत कराया गया ताकि



आवेदकों को कोई समस्या ना हो। आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिव, जीआरएस, सीएससी संचालक, एमपी ऑनलाइन संचालक, जन सेवा मित्र, सरपंच, उपसरपंच, पंच, सामाजिक कार्यकर्ता, वार्ड प्रभारी, पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता, एनजीओ प्रतिनिधि को शामिल किया गया है। कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने सोमवार को आयोजित बैठक में भी निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना को लेकर किसी भी प्रकार का भ्रम उत्पन्न ना हो। दस्तावेज़ के लिए आवेदक परेसान न हों। आवेदक को समग्र आईडी एवं आधार होना जरूरी है और ईकेवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके लिए सीएससी की ग्राम बार मैपिंग करने के निर्देश दिए और सचिव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं योजना से संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए।

**आज यहां होगा प्रशिक्षण का आयोजन**–15 मार्च को जनपद पंचायत पोहरी, करैरा, नरवर, नगर परिषद पोहरी एवं बैराड़, नगर परिषद नरवर एवं मगरौनी, नगर परिषद करैरा में प्रशिक्षण का आयोजित होगा।



## सहायक संचालक गिरधारी नाईक एवं उड़नदस्ते दल ने बिठली में हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में पकड़े दो नकलची

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

बालाघाट। जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा निर्धारित टाईम टेबल के अनुसार संचालित हो रही है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के दिशा निर्देशन में जिला शिक्षा स्तरीय उड़न दस्ता द्वारा परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। 14 मार्च को संस्कृत विषय के प्रश्नपत्र में आदिवासी विकास खंड के विभिन्न सुदूर वनांचल परीक्षा केंद्रों का गिरधारी नाईक सहायक संचालक और डॉ महेश शर्मा योजना अधिकारी के नेतृत्व में जिला शिक्षा स्तरीय उड़न दस्ते के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिठली में दो नकलची पकड़े गए। शेष सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से देखा गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सभी के मोबाइल पैकेट में शील्ड रखने और नकल की प्रवृत्ति को रोकने माध्यमिक शिक्षा मंडल के नियमानुसार समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।

# चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर करें इंतजाम जिससे दुर्घटनाएं ना हो: कलेक्टर

### यातायात पीडब्ल्यूडी एनएचएआई विभाग के साथ बैठक

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर इस प्रकार के इंतजाम किए जाएं जिससे दुर्घटनाएं ना हो पिछले वर्ष 2022 के आंकड़ों पर ध्यान दें तो जिले में ब्लैक स्पॉट पर 1160 दुर्घटनाएं हुई हैं। 363 लोगों की मृत्यु हुई है जबकि 1204 लोग घायल हुए हैं। जिले के 12 ब्लैक स्पॉट है इन्हें जल्द से जल्द खत्म किया जाए। इसी संबंध में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में यातायात, पीडब्ल्यूडी और एनएचएआई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित विभागों को जिले में बढ़ती दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर काम करने के निर्देश दिए जिले में हर साल एक्सीडेंटओं की संख्या बढ़ती जा रही है। प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर रोड मार्किंग, साइन बोर्ड, प्रकाश की व्यवस्था, हाईवे पर टच होने वाली रोड़ों पर




ब्रेकर,ब्लिंकर, कैट आई आदि लगाए जाएं। हाईवे पर ओवर स्पीडिंग बोर्ड लगाए जाएं। थीम रोड 18 बटालियन एवं ककरवाया तिराहे पर लगे हाई मास्क जल्द से जल्द चालू किए जाएं। नेशनल हाईवे किनारे हो रहे अस्थाई अतिक्रमण को हटाया जाए। नेशनल हाईवे पर पेट्रोल पंप,होटल एवं ढाबे वालों द्वारा कट बना लिए हैं उन्हें तत्काल बंद किया जाकर उन पर कार्रवाई की जाए। कोलारस प्रवेश से पहले बने कट पॉइंट को तत्काल बंद किया जाए एवं कोलारस में प्रवेश की उचित व्यवस्था की जाए। पडोरा चौराहे पर डिजाइनिंग में चेंज करायें। सिंहनिवास पुल के पास नेशनल हाईवे हर साल बारिश में डूब जाता है जिससे नेशनल हाईवे बंद हो जाता है उस पेच को जल्द से जल्द ठीक किया जाए।

**ब्लैक स्पॉट स्थलों का किया निरीक्षण**-बैठक के बाद कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ चिन्हित ब्लैक स्पॉट का निरीक्षण किया। अधिकारी पिपरसमा चौराहे पर पहुंचे और वहां हाईवे से लगी रोड पर एक साइड दुकान है दुकानदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये, अन्यथा कार्यवाही होगी।

## नहीं रुक पा रहा नगरपालिका का अवैध वसूली अभियान

### अस्थाई दुकानों की काटने वाली पर्ची को थमा रहे स्थाई दुकानदारों


**अनिल कुशवाह, पुष्पांजलि टुडे**




शिवपुरी- खबर शिवपुरी शहर से है जहां पर नगर पालिका द्वारा अवैध रूप से वसूली करने वाले गुंडों को छोड़ा गया है जो शिवपुरी शहर में खुली स्थाई दुकानों पर अवैध वसूली कर रहे हैं और उनको अस्थाई दुकान की पर्ची पकड़ा कर निकल जाते हैं हाल ही में यह खबर प्रकाशित हुई थी जिसमें नवाब साहब रोड पर स्थित दुकानों की अवैध वसूली की जा रही थी लेकिन जब नवाब साहब रोड पर अवैध वसूली देने से मना की गई तो वहीं अवैध वसूली वाली गिरोह शहर के अन्य इलाकों में जाकर स्थाई दुकानों से वसूली कर रहे हैं जब लोग इस पर पर्ची पर ना तो नगरपालिका की सील है और ना ही नगर पालिका के कर्मचारी इस पर्ची को काट रहे हैं तो यह कौन सा ठेकेदार है जो अपनी कट्टे पर पर्ची ऊपर नाम लिखकर शहर में अवैध वसूली करने के लिए अपने स्मेक पीने वाले लोग से पर्चियां कटवा रहा है पर्ची काटने वाले लोग इस स्मेक के नशे में रहकर लोगों की दुकानों पर जाते हैं और अवैध वसूली करते हैं आखिर कौन है यह नीरज शर्मा ठेकेदार जिसके नाम पर यह कट्टा संचालित नगरपालिका कर रही है या तो इसमें नगरपालिका के ही लोग मिले हुए हैं जो इन ठेकेदारों की जानकारी नहीं प्रदान कर रहे हैं कि यह कौन ठेकेदार हैं जिन्होंने कौन सा ठेका लिया है जो स्थाई दुकानदारों की पर्ची काट रहे हैं

## जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर अन्न उत्सव 16 एव 17 मार्च को

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



शिवपुरी, जिले में शासन-निर्देशानुसार माह मार्च 2023 में भी सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों पर 16 एवं 17 मार्च को अन्न उत्सव का आयोजन जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों, वार्ड प्रभारियों के समक्ष किया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि होली एवं रंगपंचमी का त्यौहार होने के कारण पात्र परिवार उचित मूल्य दुकानों पर राशन प्राप्त करने हेतु उपस्थित नहीं हो सके थे। वह पात्र परिवारों को राशन वितरण सुनिश्चित करने हेतु अन्न उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सभी विक्रेता अपने जनप्रतिनिधियों, नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों एवं वार्ड प्रभारियों को पूर्व में ही सूचित करें। सभी नोडल अधिकारियों तथा सतर्कता समिति के सदस्यों एवं वार्ड प्रभारियों की उपस्थिति अन्न उत्सव के दिनों में अनिवार्य है।

## मिलावट से मुक्ति अभियान अंतर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा होलसेल एजेंसियो का किया गया औचक निरीक्षण

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



दमोह। कलेक्टर एस. कृष्ण चैतन्य के निर्देशानुसार डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में होलसेल एजेंसियो का औचक निरीक्षण किया है। निरीक्षण कार्यवाही में दमोह शहर मे बस स्टैंड, जिला पंचायत काम्प्लेक्स स्थित फ्रेश एन कूल का औचक निरीक्षण किया गया। उक्त परिसर में संग्रहित दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की जांच हेतु हल्दीराम ब्रांड टोंड दूध, दही एवं पनीर के नमूनें जांच हेतु लिए गए है। इन दुग्ध पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट बनवाने एवं पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। मौके पर परिसर में संग्रहित दूध, दही, पनीर एवं क्रीम की गुणवत्ता की जांच मैजिक बॉक्स की सहायता से की गई है। खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार ना किये जाने के विरोध में ब्राह्मण समाज उतरा सड़कों पर





**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

दमोह। जिले के पथरिया थाना अंतर्गत ग्राम हिनौता में 2 ब्राह्मण वृद्धों की हत्या के विरोध में सर्व ब्राह्मण समाज जिला दमोह के तत्वाधान में विशाल पैदल यात्रा निकाली गई। ब्राह्मण समाज के सभी लोग अस्पताल चौराहा स्थित मानस भवन के बाहर एकत्रित होकर दोपहर 1 बजे एसपी ऑफिस पहुंचें उसके बाद जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने के लिए हजारों की संख्या में ब्राह्मण बंधु कलेक्ट्रेट पहुंचे एवं हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी एवं उनके मकान का अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। एसपी ऑफिस पर एडिशनल एसपी शिव कुमार सिंह ने ज्ञापन लिया तो कलेक्ट्रेट कार्यालय में बहुत देर तक नारेबाड़ी एवं विरोध प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर एस. कृष्ण. चैतन्य ने ज्ञापन लिया एवं अपराधियों को जल्द पकड़कर उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने का आश्वासन समाज के वरिष्ठ लोगों को दिलाया।वही बेलाताल के पास ब्राह्मण समाज के लोगों के द्वारा सांसद प्रहलाद सिंह पटेल के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी कि गई ।कलेक्टर को ज्ञापन देने बाद सभी लोगों ने मांग रखी कि अगर सात दिन के भीतर फरार आरोपियों को पकड़कर उनपर कार्यवाही नहीं कि जाती तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में ब्राह्मण समाज पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करेंगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।इस दौरान ज्ञापन देने वालो में बड़ी संख्या में वरिष्ठों एवं युवाओं की उपस्थिति रही। ज्ञापन के कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के अलावा कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत, देहात थाना प्रभारी अमित मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल कि भी उपस्थिति रही।

### इनका कहना है

आरोपियों को पकड़ने के लिए नियमानुसार जो भी कार्यवाही पुलिस को करनी है,वह कि जा रही है किसी के साथ रियायत का सवाल नहीं है क्योंकि डबल मर्डर का केस है आरोपियों पर निश्चित रूप से कार्यवाही कि जाएंगी एवं अतिक्रमण जो भी होगा उस पर भी नियमानुसार कार्यवाही कि जाएंगी।

**राकेश कुमार सिंह एसपी दमोह**

पहले भी ऐसी कई घटनाएं हुई लेकिन ब्राह्मण समाज के साथ भेदभाव किया गया कुछ दिनों पूर्व एक घटना में सांसद, विधायक, मंत्री उस घटना में पहुंच गए थे लेकिन बात जब ब्राह्मण समाज पर आयी तो ऐसे कोई भी जनप्रतिनिधि वहां नहीं पहुंचें जबकि इस मामले में 4 घण्टे में कार्यवाही हो गई थी। ब्राह्मण के समाज लोग बुद्धिजीवी होने के कारण जातिवाद में विश्वास नहीं रखते है, हम लोग बस यही चाहते है जैसे नियमानुसार सब अपराधियों पर कार्यवाही कि जाती वैसे ही इन लोगों पर हो।

**हरीश मिश्रा भाजपा नेता**

## विकासखण्डर अकादमिक समन्वायक एवं जनशिक्षक की प्रतिनियुक्ति के लिए वरियता सूची जारी

### 20 मार्च तक दावे आपत्ति आमंत्रित, 24 मार्च को होगी काउंसिलिंग

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

राज्यख शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशों के तहत जिले में विकासखण्डक अकाद?मिक समन्वययक एवं जनशिक्षक के पदों पर प्रतिनियुक्ति के लिए स्कूनल शिक्षा विभाग एवं आदिम जाति कल्या ण विभाग में पदस्थय इच्छुयक उच्चए श्रेणी शिक्षक, माध्यिमक शाला शिक्षक, अध्याशपक द्वारा जिला शिक्षा केन्द्रं बालाघाट में आवेदन प्रस्तुति किये गए थे। प्राप्त आवेदनों में अंकित प्रथम नियुक्ति तिथि के आधार पर वरियता सूची तैयार की गई है। सर्व शिक्षा अभियान के जिला परियोजना समनवयक श्री पी एल मेश्राम ने बताया कि वरियता सूची को दिनांक 14 मार्च 2023 को कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्रक बालाघाट के सूचना पटल पर चस्पाआ किया गया है । आवेदक वरियता सूची का अवलोकन कर दिनांक 20 मार्च 2023 तक कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्रों बालाघाट में इस वरियता सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तु त कर सकते है। प्राप्तथ दावा आपत्तियों का निराकरण करने के उपरान्त दिनांक 24 मार्च 2023 दिन शुक्रवार को कार्यालय जिला पंचायत बालाघाट के सभाकक्ष में दोपहर 2.00 बजे काउंसलिंग आयोजित की गई है।

सी. एस. भदौरिया
लेबर सप्लायर & कॉन्ट्रेक्टर



अपील
स्वच्छता का रखें विशेष ध्यान, क्लीन ग्वालियर, ग्रीन ग्वालियर
स्वच्छ भारत अभियान में सहभागी बनें
छोटे सिंह भदौरिया
रजनीगंधा इंक्लेव, गोले का मंदिर ग्वालियर म.प्र.
संपर्क: 9755383340

ब्रम्हाणी हॉस्पीटल
मानव सेवा परमो धर्म
विशेष सुविधाएं



डॉ. ब्रजेश सिंह राजपूत, (बन्टी)
संचालक




आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत
निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध
माँ वैष्णोपुरम, गदाईपुरा ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 8889437489

## एक नजर...

### आईपीएल के बाद डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलना चुनौतीपूर्ण होगा: द्रविड

**अहमदाबाद, भाषा।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल खेलना टीम के लिए एक बड़ी चुनोती होगी। भारत ने विराट कोहली और शुभमन गिल की शतकीय पारियों से अहमदाबाद टेस्ट ड्रॉ कराकर चार मैचों की बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम किया। घरेलू श्रृंखला में भारत की यह लगातार 16वीं जीत है। इस मुकाबले के आखिरी दिन पहले सत्र के खेल के बाद ही भारतीय टीम के डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने की मुहर लग गयी थी। क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलेंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था। श्रीलंका को अपनी उम्मीदों का बनाये रखने के लिए दो मैचों की श्रृंखला को 2-0 से जीतना था।

द्रविड़ ने डब्ल्यूटीसी फाइनल को 'चुनौती' करार देते हुए कहा कि टीम को इसके लिए बेहतर योजना बनानी होगी। उन्होंने टेस्ट मैच के बाद आधिकारिक प्रसारक' 'स्टार स्पोर्ट्स' कहा,हमने लंच के समय इसके लिए क्वालीफाई किया। मैं चीजें स्पष्ट होने से पहले कुछ कहने से बचता हूं। हम इसका जश्न मनायेंगे। उन्होंने कहा,यह काफी चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि डब्ल्यूटीसी फाइनल से सिर्फ एक सप्ताह पहले आईपीएल का फाइनल है। हम इसके बारे में सोचेंगे।

### ब्रूक आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष, गार्डनर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

**दुबई, भाषा।** इंग्लेंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने सोमवार को भारत के रविंद्र जडेजा और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती को पछाड़कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फरवरी महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी का पुरस्कार जीता जबकि ऑस्ट्रेलिया की एशलेग गार्डनर ने महिला वर्ग में बाजी मारी। न्यूजीलेंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ब्रूक को दूसरी बार महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह पाकिस्तान के बाबर आजम सहित सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता है। हाल में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की खिताबी जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन की बदौलत गार्डनर को दूसरी बार इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इससे पहले पिछले साल दिसंबर में भी उन्हें महीने की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। आईसीसी ने विज्ञप्ति में कहा कि फरवरी माह के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के नतीजे दिसंबर 2022 के समान है और तब भी ब्रूक और गार्डनर ने पहली बार ये पुरस्कार अपने नाम किए थे।

# नये और निर्विरोध अध्यक्ष के सामने पुरानी चुनौतियां

■ राजेंद्र सजवान

अनुज गुप्ता का दिल्ली साकर एसोसिएशन का अध्यक्ष बनना तय हो चुका है। तारीफ की बात यह नहीं कि वह सबसे कम उम्र के डीएसए अध्यक्ष बन रहे हैं बल्कि उनका निर्विरोध चुना जाना ज्यादा मायने रखता है। एक 42 वर्षीय नवयुवक के पक्ष में बड़े बड़े धुरंधरों का आत्मसमर्पण काबिले गोर है। पांच साल पहले उसे अनुभवहीन और अलोकप्रिय बताकर दरकिनार कर दिया गया था।

अब वही शख्स सबकी पसंद केसे बन गया? अध्यक्ष पद ग्रहण करने से पहले अनुज के मजबूत पक्ष की बात की जाए तो उसके पास वह सबकुछ है जो आज की फुटबाल में जरूरी है और यह सब अन्य के पास शायद नहीं है। मसलन उम्र उसके साथ है, परिपक्वता नजर आती है। सुदेवा फुटबाल अकादमी, का शानदार रिकार्ड, टीम का आई लीग में खेलना और अपने मैदान और अन्य सुविधाएं उसे अन्य सदस्यों और क्लब अधिकारियों से अलग करती हैं। अर्थात जरूरत पड़ने पर वह दिल्ली की फुटबाल का बेहतर मार्गदर्शन कर सकता है।

शाजी प्रभाकरण के प्रमोशन के बाद खाली हुआ डीएसए अध्यक्ष पद पिछले कुछ महीनों में खासी चर्चा में रहा। यदि यूं कहा जाए कि अध्यक्ष पद का खासा मजाक उड़ा तो गलत नहीं होगा। चंद महीनों में तीन अध्यक्ष आए, गए। अनुज चौथे अध्यक्ष हैं। अनुज को तीन साल का समय मिला है। यही मौका है कुछ कर दिखाने का ताकि उसे अगले चुनाव में भी सहर्ष स्वीकार कर लिया जाए। उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि डीएसए का शीर्ष पद कांटो की सेज बन गया है।



पिछले कुछ समय से गुटबाजी भी जोरों पर रही लेकिन अच्छी बात यह है कि अनुज की खिलाफत करने वालों ने या तो आत्मसमर्पण कर दिया या सही समय के इंतजार में मौन साध गए हैं।

उसे यह भी देखना है कि क्लबों की खरीद फरोख्त से जुटाया लाखों पानी की तरह बहा दिया गया है। कुछ बड़े स्पांसर जुटाने की जरूरत है, जिसके लिए समय रहते एक बेहतरीन टीम का गठन किया जा सकता है।

क्योंकि दिल्ली की फुटबॉल साल भर चलने वाला महोत्सव बन गई है इसलिए डीएसए और फुटबाल दिल्ली के बीच बेहतर तालमेल पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। और भी बहुत सी चुनोतियां हैं, जिनमें महिला फुटबाल का कुशल संचालन भी शामिल है। हेरानी वाली बात यह है कि महिला खिलाड़ियों और टीमों की संख्या बढ़ी है लेकिन डीएसए कार्यसमिति में महिला सदस्य खोजे नहीं मिल पातीं। अकृता कोर धूपिया निर्विरोध टीम डीएसए में शामिल हुई हैं। उनका स्वागत है।

## न्यूजीलैंड ने आखिरी गेंद पर श्रीलंका को दो विकेट से हराया

**वेलिंगटन** ■ एपी/डेस्क

केन विलियमसन और नील वेगनर ने दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट मैच में सोमवार को आखिरी गेंद पर बाई पर एक रन चुरा कर श्रीलंका पर न्यूजीलेंड को दो विकेट की यादगार जीत दिला दी। न्यूजीलेंड ने दो सप्ताह पहले ही इंग्लेंड को एक और रोमांचक टेस्ट में एक रन से हराया था। बारिश के कारण मैच के पांचवें दिन शुरुआती दो सत्र का खेल संभव नहीं हुआ।

आसमान से जब बादल छंटे तो न्यूजीलेंड को एक सत्र में 53 ओवर में जीत के लिए 257 रन और श्रीलंका को नौ विकेट की दरकार थी। पूर्व कप्तान विलियमसन ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए 121 रन की नाबाद पारी



खेलकर न्यूजीलेंड की जीत सुनिश्चित की। कम होती रोशनी के बीच न्यूजीलेंड को जीत के लिए आखिरी 20 ओवर में 131 और आखिरी 15 ओवर में 101 रन की जरूरत थी। पहली पारी में 102 रन बनाने वाले डेरिल मिशेल ने दूसरी पारी में आक्रामक अंदाज में 81 रन बनाकर विलियमसन का शानदार साथ दिया और न्यूजीलेंड की जीत की नींव रखी। मैन ऑफ द मैच मिशेल ने चौथे विकेट लिए 142 रन की साझेदारी कर टीम को जीत की स्थिति में पहुंचाया।

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया से श्रृंखला 2-1 से जीती

### श्रृंखला जीतने के साथ भारत ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

**अहमदाबाद** ■ भाषा/डेस्क

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के चौथे और आखिरी टेस्ट मैच के पांचवें दिन सोमवार को भारतीय गेंदबाजों को पिच से कोई खास मदद नहीं मिली लेकिन टीम ने घरेलू परिस्थितियों में दबदवा कायम रखते हुए 2-1 से श्रृंखला अपने नाम की। भारत ने इस मैच के खत्म होने से पहले ही हालांकि लगातार दूसरी बार विश्व टेस्ट चेम्पियनशिप के फाइनल में भी अपनी जगह पक्की कर ली। क्राइस्टचर्च में श्रीलंका पर न्यूजीलेंड की दो विकेट की रोमांचक जीत के साथ ही भारत का विश्व टेस्ट चेम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल का टिकट पक्का हो गया था।

भारत-ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला के आखिरी टेस्ट से पहले के समीकरण में श्रीलंका को डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचने के लिए न्यूजीलेंड दौरे पर 2-0 से जीत दर्ज करनी थी लेकिन श्रृंखला के शुरुआती मैच में उसकी हार ने भारत की जगह पक्की कर दी।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले टेस्ट मैच को जीत कर पहले ही डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली थी।





डब्ल्यूटीसी का फाइनल सात जून से लंदन के द ओवल में खेला जायेगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी बार टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से जीत दर्ज की है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2017 में घरेलू श्रृंखला के अलावा 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में हराया था। मैच के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने बिना दबाव के खेलते हुए बल्लेबाजी अभ्यास पर जोर दिया। दिन के शुरुआती सत्र में रात्रि प्रहरी कुहनेमैन के पवेलियन लौटने के बाद सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड और मार्नुस लाबुशेन ने रक्षात्मक रवैया अपनाया और भारतीय गेंदबाजों को हावी होने के मौके नहीं दिये।

हेड ने 163 गेंद में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 90 रन बनाने के साथ लाबुशेन के साथ दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी कर मैच को भारत की पकड़ से दूर कर दिया। दोनों कप्तान जब मैच ड्रॉ करने पर सहमत हुए तब लाबुशेन 63 और स्टीव स्मिथ 10 रन बना कर खेल रहे थे। इस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो विकेट पर 175 रन (पारी घोषित) था।

भारतीय टीम लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल क्वालिफिकेशन के बाद खुशी होगी लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा अच्छी तरह से जानते होंगे कि ऑस्ट्रेलिया से फाइनल में एक अलग मुकाबला होगा जहां पिच निश्चित रूप से भारतीय स्पिनरों की मदद नहीं करेगी जैसा उसने इस श्रृंखला के पहले तीन टेस्ट में किया था।

जून की शुरुआत में इंग्लेंड की पिच पर मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, कप्तान पेट कमिंस और नाथन लियोन का ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण भारतीय बल्लेबाजों के लिए काफी परेशानी खड़ी कर सकता है। भारत ने हालांकि ऑस्ट्रेलिया में इस गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ दो श्रृंखला जीती हैं। इस श्रृंखला में स्पिनरों की मददगार पिच से रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को मदद मिली लेकिन क्रिकेट जगत में इसकी काफी किरकिरी हुई। यही नहीं भारतीय शीर्ष क्रम भी ऑस्ट्रेलिया के स्पिनरों के खिलाफ सहज नहीं दिखा। इंग्लेंड में भारत को एक ही स्पिनर के साथ खेलना होगा और संभावना है कि वह ऑलराउंडर जडेजा होंगे। टीम को हालांकि सबसे ज्यादा जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत की कमी खलेगी।

## एशिया कप और विश्व कप पर विकल्प खुले रखे हैं: सेठी

**लाहौर** ■ भाषा/डेस्क

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष नजम सेठी ने इस साल पाकिस्तान में होने वाले एशिया कप और भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप को लेकर 'जल्दी स्थिति स्पष्ट' करने की बात करते हुए कहा कि वह सभी विकल्पों पर विचार कर रहे है। सेठी ने कहा कि वह एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) और



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की अगली बेठक में इन मुद्दों को उठाएंगे। उन्होंने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमारे सामने जटिल मुद्दे हैं लेकिन जब मैं एसीसी और आईसीसी की बैठकों में जाऊंगा तो मुझे सभी विकल्प खुले रहने होंगे।

हमें हालांकि अब स्थिति स्पष्ट कर लेनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एशिया कप के लिए अपनी टीम को पाकिस्तान नहीं भेजने के भारत के रुख में कोई बदलाव नहीं आया है। पीसीबी हालांकि इस बात पर अडिग है कि अगर भारतीय टीम एशिया कप के लिए उनके देश का दौरा नहीं करेगी तो पाकिस्तान को भी भारत में विश्व कप नहीं खेलने के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा,मैंने अपने विकल्प खुले रखे हैं क्योंकि जब सभी टीमें पाकिस्तान आ रही हैं और सुरक्षा को लेकर कोई समस्या नहीं है तो भारत सुरक्षा को लेकर चिंतित क्यों है।

बैडमिंटन

## ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप: भारतीय खिलाड़ियों के सामने कड़ी चुनौती

**नई दिल्ली** ■ भाषा/डेस्क

चोट से वापसी कर रहे और खराब फार्म से जूझ रहे भारतीय बेडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लेंड चेंपियनशिप में खिताब के लिए देश का इंतजार खत्म करने के लिए पूरे दमखम के साथ खेलना होगा। किसी भारतीय खिलाड़ी को इस प्रतिष्ठित खिताब को जीते हुए 22 साल हो गये हैं। पुलेला गोपीचंद (2001) ने महान प्रकाश पादुकोण (1980) का अनुसरण किया था और यह खिताब जीतने वाले दूसरे



भारतीय बने थे।

लक्ष्य सेन पिछले सत्र में और साइना नेहवाल 2015 में फाइनल में पहुंचे थे लेकिन वे खिताब के सूखे को खत्म करने में विफल रहे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू इस टूर्नामेंट में सेमीफाइनल की बाधा को पार नहीं कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों के लिए परिस्थितियां इस बार भी मुश्किल होगी। सेन और सिंधू दोनों चोट के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहने के बाद वापसी पर नये सत्र की खराब शुरुआत की है। दोनों मलेशिया और इंडिया ओपन में जल्दी बाहर हो गये थे।

विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज सेन जर्मनी ओपन के पहले दौर में दुनिया के 41वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव से करारी शिकस्त के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहे हैं जबकि सिंधू अपने कोरियाई कोच पार्क ताए-संग से कुछ सप्ताह पहले ही अलग हुई है।

सेन के सामने शुरुआती दौर में पांचवीं वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन की चुनौती होगी जबकि सिंधू चीन की झांग यी मान से भिड़ेंगी। शीर्ष रैंकिंग की पूर्व खिलाड़ी साइना नेहवाल के सामने शुरुआती दौर में चीन की हान यूई की चुनौती होगी। पिछले कुछ समय में शीर्ष रैंकिंग के कई खिलाड़ियों को शिकस्त देने वाले नौवें स्थान के खिलाड़ी एचएस प्रणय से उलटफेर की उम्मीद होगी। प्रणय ने हाल ही में बेडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चेम्पियनशिप में विश्व रैंकिंग के चौथे नंबर के खिलाड़ी ली जी जिया को हराया था।

### पेगुला ने अनास्तासिया पोटापोवा को हराया

**इंडियन वेल्स, आईएएनएस।** नंबर 3 सीड अमेरिकी जेसिका पेगुला ने नंबर 27 सीड अनास्तासिया पोटापोवा को हराकर इंडियन वेल्स मास्टर्स के चौथे दौर में जगह बनाई। पेगुला ने रविवार को पोटापोवा को 2 घंटे 17 मिनट में 3-6, 6-4, 7-5 से हराकर केलिफोर्निया डेजर्ट में अपने करियर में दूसरी बार अंतिम 16 में प्रवेश किया। वह पहले मैच में इटली की केमिला जियोर्गी को हराया था। पोटापोवा के खिलाफ एक सेट से आने के अलावा, पेगुला निर्णायक मुकाबले में 3-1 से पिछड़ गई थीं।

## क्वालीफायर गारिन ने इंडियन वेल्स में रूड को हराया

**इंडियन वेल्स** ■ एपी/डेस्क

चिली के क्वालीफायर क्रिश्चियन गारिन ने रविवार को बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में नॉर्वे के तीसरी वरीयता प्राप्त केस्पर रुड को 6-4, 7-6 (2) से हराकर लगभग दो वर्षों में शीर्ष पांच खिलाड़ी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। रैंकिंग में 97वें स्थान पर काबिज गारिन के रविवार को अंतिम 32 दौर के मैच में 39 विनर्स (अंक बनाने वाले शॉट) लगाये, जबकि चौथे पायदान पर काबिज रुड ने लगभग दो घंटे तक चले मैच में सिर्फ 15 विनर्स लगाये।छब्बीस साल के



गारिन की दो बार के ग्रेंड स्लेम उपविजेता रुड के खिलाफ चार मैचों में यह तीसरी जीत रही।

गारिन के सामने प्री-क्वार्टर फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त करेन खचानोव या 23वीं वरीयता प्राप्त एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना की चुनोती होगी।

## समाचार-आसपास

### फ्रंटियर की एकतरफा जीत, यंगस्टर हारी

**नई दिल्ली, संवादसूत्र।** यशस की शानदार तिकड़ी की मदद से फ्रंटियर एफसी ने रॉयल एफसी को 7- 0 रौंद कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पहली जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मैच में यंगस्पोर्ट एफ सी ने यंगस्टर एफसी को एक गोल से परास्त कर पूरे अंक अर्जित किए। विजेता टीम की जीत का हीरो गोलकीपर विष्णु नसकर रहा जिसने आधा दर्जन अवसरों पर सुंदर बचाव किए। विजयी गोल सुमन डोलुई ने जमाया। फ्रंटियर के मैन आफ द मैच यशस की तिकड़ी के अलावा डेविड ने दो,पार्थ और अमन ने एक एक गोल जमाए। फ्रंटियर और रॉयल अंक तालिका में निचले पायेदान पर हैं, जबकि यंस्टर ने पहला मैच हारा है।

### लखनऊ की आयशा मुनव्वर बनीं आईओए की सदस्य

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश जूडो एसोसियेशन की महासचिव आयशा मुनव्वर को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की बुनियादी ढांचा समिति में सदस्य के रूप में नामित किया गया है। यह पहला ऐसा मोका है कि उत्तर प्रदेश की किसी महिला जुडोका को आईओए में चुना गया है। अमिताभ शर्मा की अध्यक्षता वाली इस समिति के अन्य सदस्यों में भोला नाथ सिंह, वगीश पाठक, अखिल कुमार, रवि बेनगनी एवं डॉ अमित भल्ला शामिल हैं। इस समिति का कार्यकाल 2026 तक रहेगा। लखनऊ की आयशा के सदस्य बनने पर आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा और संयुक्त सचिव अलखनन्दा अशोक ने उन्हें बधाई दी। यह जानकारी यूपी जूडो संघ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुनव्वर अंजार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के जरिये साझा की।

### सुरजीत हॉकी सोसाइटी के उपाध्यक्ष बलदेव रंधावा का निधन

**जालंधर, वार्ता।** सुरजीत हॉकी सोसाइटी के संस्थापक सदस्य एवं उपाध्यक्ष बलदेव सिंह रंधावा का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। सुरजीत हाकी सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी इकबाल सिंह संधू ने बताया कि खेल जगत में 'भाऊ' के नाम से प्रख्यात बलदेव रंधावा का अंतिम संस्कार दोपहर बाद एक बजे मॉडल टाउन श्मशान घाट पर किया जाएगा।

### बाबर, शाहीन को विश्राम, शादाब करेंगे कप्तानी

**लाहौर, भाषा।** पाकिस्तान ने कप्तान बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी सहित सीनियर क्रिकेटरों को अफगानिस्तान के खिलाफ 24 मार्च से शारजाह में शुरू हो रही तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से आराम दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की राष्ट्रीय चयन समिति ने ऑलराउंडर शादाब खान की अगुआई वाली टीम में सलामी बल्लेबाज मुहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ और अनुभवी बल्लेबाज फखर जमां को भी शामिल नहीं किया है। टीम में चार नए चेहरों को शामिल किया गया है। टीम इस प्रकार है: शादाब खान (कप्तान), अब्दुल्ला शफीक, आजम खान, फहीम अशरफ, इफ्तिखार अहमद, इहसानुल्लाह, इमाद वसीम, मुहम्मद हारिस, मुहम्मद नवाज, मुहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, सईम अयूब, शान मसूद, तैय्यब ताहिर, ज़मान खान। रिजर्व खिलाड़ी: अबरार अहमद, हसीबुल्लाह खान और ओसामा मीर।



# कंगना रनौत ने दीपिका पादुकोण की तारीफ की

95 वें एकेडमी अवार्डस में बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण प्रेजेंटर के तौर पर शामिल हुईं। दीपिका को फैंस की ओर से लगातार तारीफें मिल रही हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस कंगना रनौत ने भी उनकी तारीफ की। कंगना ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर कहा कि दीपिका खूबसूरत दिख रही हैं।

कंगना ने सोमवार को लिखा, दीपिका पादुकोण कितनी खूबसूरत लग रही हैं, पूरे देश को एक साथ लेकर खड़े होना, अपनी छवि, प्रतिष्ठा को उन नाजुक कंधों पर ले जाना और इतने शालीनता और आत्मविश्वास से बोलना आसान नहीं है। दीपिका इस बात की गवाही देती हैं कि भारतीय महिलाएं सर्वश्रेष्ठ हैं।

दीपिका सेलिब्रिटी प्रेजेंटर थीं, जिन्होंने घोषणा की, कि भारत को ऑस्कर दिलाने वाले सॉन्ग 'नाटू नाटू' पर स्टेज पर परफॉर्म किया जाएगा। उन्होंने नंबर को टोटल बैंगर भी करार दिया। एक्ट्रेस ने कहाः मजेदार और शानदार कोरस, इलेक्ट्रीफाईंग बीट्स और ऐसे किलर डांस मूव्स जिनको मैच करना मुश्किल है।

# मलाइका ने किया रैम्प वॉक



बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने 'लेक्मे फैशन वीक' 2023 में रैम्प वॉक किया है। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में 'लेक्मे फैशन वीक' 2023 में रैम्प वॉक किया है। इससे जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। मलाइका ने इस फैशन वीक में ऑरेंज कलर का आउटफिट पहना, जिसमें वह अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दीं। इस लुक को उन्होंने गोल्डन इयररिंग्स और लाइट मेकअप के साथ कम्पलीट किया है। मलाइका ने फैशन डिजाइनर भूमिका शर्मा को प्रेजेंट किया है। मलाइका के इस लुक को फैंस सोशल मीडिया पर खूब पसंद कर रहे हैं।

# अजय ने शुरू की 'भोला यात्रा'



बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन ने अपनी आने वाली फिल्म भोला के प्रमोशन के लिये 'भोला यात्रा' शुरू की है। अजय देवगन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म भोला को लेकर चर्चा में हैं। अजय देवगन ने भोला के प्रमोशन के लिये 'भोला यात्रा' शुरू की है। अजय देवगन ने इससे जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में अजय एक ट्रक के सामने खड़े हैं और उसे झंडा दिखाकर रवाना करते नजर आ रहे हैं। इस ट्रक पर फिल्म भोला के पोस्टर्स लगे हैं। भोला के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से पहले भोला यात्रा की शुरुआत की। इस ट्रक को ठाणे, सूरत, अहमदाबाद, उदयपुर, जयपुर, गुरुग्राम, दिल्ली, कानपुर और लखनऊ शहरों में भेजा जा रहा है।इस ट्रक को हर एक शहर में खड़ा किया जाएगा और लोगों के लिए एक मस्ती भरी शाम का आयोजन भी किया जाएगा। अजय देवगन की फिल्म 'भोला' दक्षिण भारतीय फिल्म कैथी की हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अजय के अलावा तब्बू, गजराज राव, दीपक डोबरियाल जैसे सितारे नजर आएंगे। भोला का निर्देशन भी अजय देवगन ने किया है।



# 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' के गुनीत मोंगा के लिए यह दूसरा ऑस्कर है

सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री लघु फिल्म का ऑस्कर आम तौर पर किसी भी अकादमी पुरस्कार शाम में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित करने वाले बड़े नामों की चमक में एक धुंधलेपन के रूप में समाप्त होता है। हालांकि गुनीत मोंगा के लिए इसने उनके दिल में एक विशेष स्थान अर्जित किया है, क्योंकि उन्हें दो बार ऑस्कर प्राप्त हो चुका है। कार्यकारी निर्माता के रूप में मोंगा 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स', फोटोग्राफर कार्तिकी गोंजाल्विस की पहली डॉक्यूमेंट्री के पीछे की ताकत थीं, जिसने 95वें अकादमी पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री लघु फिल्म के लिए ऑस्कर जीता। मोंगा का पहला ऑस्कर डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म, ईरानी अमेरिकी फिल्म निर्माता रायका जेहतबच की 'पीरियडः एंड ऑफ सेंटेंस' के लिए था।

मोंगा, संयोग से, पहले अनुराग कश्यप के साथ 'गैंग्स ऑफ वासेपुर - भाग 1', 'गैंग्स ऑफ वासेपुर - भाग 2', 'पेडलर्स', 'द लंचबॉक्स', 'मसान', 'जुबान' और 'जैसी परियोजनाओं पर काम कर चुकी हैं। 'द एलिफेंट व्हिस्पर्स' मोंगा की गोद में उतरा, जब कार्तिकी गोंजाल्विस ने उससे संपर्क किया, जो ऊटी में अपने घर जाते समय मुदुमलाई नेशनल पार्क के पास बोमन और उसके बच्चे हाथी रघु से टकरा गया था। लघु फिल्म में बोम्मन और उसके सहायक बाली के बीच के नाजुक रिश्ते का दस्तावेजीकरण किया गया है, जिससे वह बाद में शादी करता है (मोंगा ने कहानी की बेहतर समझ पाने के लिए जंगल में गहरे जंगल में उनकी शादी में भाग लिया), और रघु, जो अनाथ हो गया था और बाद में झुंड द्वारा छोड़ दिया गया था।

उसकी मां को राष्ट्रीय उद्यान में करंट लग गया। आईआईटी-मंडी के संस्थापक-निदेशक टिमोथी और अमेरिका में जन्मे इतिहासकार प्रिसिला गोंजाल्विस की बेटी गोंसाल्वेस ने स्वदेशी जोड़े की कहानी को अपने फोन और एक डीएसएलआर कैमरे से शूट किया।

# फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटु नाटु' ने ऑस्कर जीत रचा इतिहास

भारतीय फिल्म 'आरआरआर' के गीत 'नाटु नाटु' ने अकादमी पुरस्कार में सर्वश्रेष्ठ मूल (ओरिजनल) गीत की श्रेणी में ऑस्कर जीत इतिहास रच दिया है। इस श्रेणी में गीत 'नाटु नाटु' ने फिल्म 'टेल इट लाइक अ वुमन' के गीत 'अपलॉज', 'टॉप गनः मावेरिक' के गीत 'होल्ड माई हैंड', 'ब्लेक पैंथरः वाकांडा फॉरएवर' के 'लिफ्ट मी अप' और 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' के 'दिस इज़ ए लाइफ' को मात दी।

तेलुगु गीत 'नाटु नाटु' के संगीतकार एम. एम. कीरावानी हैं और इसे आवाज काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ने दी है। 'नाटु नाटु' का मतलब होता है 'नाचना'। गीत अभिनेता राम चरण और जूनियर एनटीआर पर फिल्माया गया है, जिसमें उनके जोरदार नृत्य को भी काफी सराहना मिली है। इससे पहले 'नाटु नाटु' के गायक काल भैरव और राहुल सिप्लीगुंज ऑस्कर समारोह में इस तेलुगु गीत पर जोरदार प्रस्तुति दी, जिससे समारोह स्थल पर मौजूद सभी दर्शक झूम उठे थे।



प्रस्तुति पर दर्शक दीर्घा में बैठे लोगों ने खड़े होकर तालियां बजाई। समारोह में भारतीय गायकों की प्रस्तुति की घोषणा बॉलीवुड अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने की थी। दीपिका पादुकोण यहां 'लुई विटॉन' के काले रंग के बेहद सुंदर गाउन में नजर आईं, जिसके साथ उन्होंने एक शानदार हार पहना था।

अभिनेत्री ने प्रस्तुति की घोषणा करते हुए कहा, क्या आपको पता है 'नाटु' क्या है, अगर नहीं तो अब पता चल जाएगा। पेश है 'आरआरआर' से 'नाटु नाटु'। गीत की प्रस्तुति के लिए आयोजकों ने मंच पर गाने के सेट को दिखाने की कोशिश। इस गीत की शूटिंग यूक्रेन की राजधानी कीव स्थति राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में हुई है।

ऑस्कर समारोह का आयोजन सोमवार सुबह (भारतीय समयानुसार) हॉलीवुड के डॉल्बी थिएटर में किया जा रहा है।

गौरतलब है कि डेनी बॉयल द्वारा निर्देशित ब्रिटेन की फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' का गीत 'जय हो' सर्वश्रेष्ठ मूल 'स्कोर' व मूल गीत श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार जीतने वाला पहला हिंदी गीत है। इसके संगीतकार ए.आर. रहमान थे और इसके बोल गुलजार ने लिखे थे।

बहुरंग

# बेंडन फ्रेजर ने बेस्ट लीड एक्टर का जीता ऑस्कर



हॉलीवुड स्टार ब्रेंडन फ्रेजर उस वक्त इमोशनल हो गए, जब 95वें ऑस्कर अवॉर्डस में उनका नाम फिल्म 'द व्हेल' के लिए बेस्ट लीड एक्टर केटेगिरी में विनर के तौर पर लिया गया। उन्हें यह अवॉर्ड जेसिका चेस्टेन और हेले बेरी ने दिया। उनका नाम ऑस्टिन बटलर 'एल्विस', कॉलिन फेरेल 'द बंशीज ऑफ इनिशरिन', पॉल मेस्कल 'आफ्टरसन' और बिल निघी 'लिविंग' के साथ कैटेगिरी में था।

भावुक होते हुए फ्रेजर ने कहाः तो मल्टीवर्स ऐसा दिखता है। मैं इसके लिए एकेडमी और इस बोल्ड फिल्म को बनाने के लिए अपने स्टूडियो को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने अन्य सभी दावेदारों से कहा कि इस कैटेगिरी में आपको नामित किया जाना सम्मान की बात है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि व्हेल गहराई में तैर सकती है। मैंने 30 साल पहले शुरूआत की थी और चीजें मेरे लिए आसान नहीं थीं। लेकिन मैं इस सम्मान के लिए आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। 'द व्हेल' डेरेन एरोनोफ्स्की द्वारा निर्देशित और सैमुअल डी. हंटर द्वारा लिखित एक मनोवैज्ञानिक ड्रामा फिल्म है। कहानी एक मोटापे से ग्रस्त एक शख्स की है, जो अपनी बेटी के साथ अपने रिश्ते को बहाल करने की कोशिश करता है।

दिलचस्प

# ऑस्कर में 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' का बोलबाला



ऑस्कर में इस साल 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' का बोलबाला रहा... सर्वश्रेष्ठ फिल्म बनने के साथ इसके लिए डेनियल क्वान तथा डेनियल स्केनर्ट को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक चुना गया और फिल्म की अदाकारा मिशेल योह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से नवाजा गया। फिल्म 'एवरीथिंग एवरीवेयर ऑल एट वन्स' के लिए ही, के ह्यु क्वान को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता की श्रेणी में और जेमी ली कर्टिस को सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री की श्रेणी में पुरस्कार मिला। इसके अलावा फिल्म को सर्वश्रेष्ठ (ओरिजनल) पटकथा और सर्वश्रेष्ठ संपादित फिल्म का पुरस्कार भी मिला। वहीं फिल्म 'द व्हेल' के लिए ब्रेंडन फ्रेज़र को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। फिल्म 'द व्हेल' को सर्वश्रेष्ठ मेकअप व हेयरस्टाइल की श्रेणी में भी पुरस्कार दिया गया। योह (60) ऑस्कर पुरस्कार जीतने वाली एशियाई मूल की पहली अदाकारा बनीं। वह पिछले 20 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली अश्वेत महिला हैं। पुरस्कार स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा,सभी महिलाओं से यह कहना चाहूंगी कि किसी को भी आप खुद को यह बताने का मौका न दें कि आपका समय बीत गया है। ऑस्कर में भारतीयों ने भी इस बार अपना डंका बजाया।

विचार पेज का शेष

# रोगों को दूर करने वाली देवी शीतला माता

यह जान राजा ने सम्पूर्ण राज्य में ढिंढोरा पिटवा मुनादी करवा दी कि आज के दिन सब लोग ठंडा खाना खायेंगे, जो एक दिन पहले बना होगा और दूसरे दिन सब शीतला माता की पूजा करेंगे और उस दिन किसी के घर में चूल्हा नही जलेगा। यह घोषणा कर राजा ने प्रार्थना की कि हे शीतला माता जैसे उस बुडिया को बचाया वैसे ही सबकी रक्षा करना ।

एक अन्य कथा के अनुसार एक बार शीतला सप्तमी के दिन एक बुढ़िया व उसकी दो बहुओं ने व्रत रखा। उस दिन सभी को बासी भोजन ग्रहण करना था। इसलिए पहले दिन ही भोजन पका लिया गया था। लेकिन दोनों बहुओं को कुछ समय पहले ही संतान की प्राप्ति हुई थी। इसलिए बासी भोजन खाने से वे व उनकी संतान बीमार न हो जायें, यह सोचकर अपनी सास के साथ बासी भोजन ग्रहण न कर माता की पूजा अर्चना के पश्चात पशुओं के लिए बनाये गये भोजन के साथ अपने लिये भी रोट सेंक कर उनका चूरमा बनाकर बहुओं ने खा लिया। उनके इस कृत्य से माता कुपित हो गई और बाद में उन दोनों के नवजात शिशु मृत मिले। जब सास को पूरी कहानी पता चली तो उसने दोनों बहुओं को घर से निकाल दिया। दोनों अपने शिशु के शवों को लिये घर से निकल पड़ीं, और कुछ देर चलने के बाद एक बरगद के पास रूक विश्राम के लिए ठहर गई। वहीं पर अपने सिर में पड़ी जूंओं से बहुत परेशान ओरी व शीतला नाम की दो बहनें भी थी। दोनों बहुओं को उन पर दया आई और उन्होंने उन दोनों बहनों की मदद करते हुए उनके सिर से जुएँ निकाल दीं। ओरी व शीतला की सिर से जुएँ कुछ कम हुई तो उन्हें कुछ चेन मिला और बहुओं को आशीष दिया कि तुम्हारी गोद हरी हो जाये। इस पर बुढ़या की दोनों बहुओं ने कहा कि उनकी तो हरी -भरी गोद ही लुट गई है। इस पर शीतला ने लताड़ लगाते हुए उन्हें कहा कि पाप कर्म का दंड तो भुगतना ही पड़ेगा। बहुओं ने शीतला माता को पहचान लिया कि साक्षात माता हैं तो चरणों में पड़ गई और क्षमा याचना की। माता को भी उनके पश्चाताप करने पर दया आई और उनकी कृपा से उनके मृत बालक जीवित हो गये। तब दोनों खुशी-खुशी गाँव लोट आयी। इस चमत्कार को देखकर सब हैरान रह गये। इसके बाद पूरा गाँव माता शीतला को मानने लगा।

## एक नजर...

# ग्वालियर में श्री श्याम गुणगान महोत्सव के दौरान सजेगा बाबा का दरबार

### बाहर से आये कलाकार देंगे बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति

अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे




**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर में हारे के सहारे खाटू श्याम बाबा का दरबार 21 मार्च जनवरी 2023 को अचलनाथ शीश महल, चेतकपुरी साइंस कॉलेज के सामने सजने जा रहा है।जिसमे बाहर से आये कलाकार बाबा श्याम के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति देंगे।जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जानी मानी भजन गायिका उमा लहरी जी, शीतल पांडे, अतुल पारीक, ऋषिका ठाकुर अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे व अपनी मधुर आवाज से भक्तो को रिझाएंगे। वहीं बेहतरीन म्यूजिक नरेश म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा दिया जाएगा।वहीं कार्यक्रम का लाइव प्रसारण आप सभी लोग मोर पंख क्रिएशन के द्वारा यू ट्यूब पर देख सकेंगे।कार्यक्रम का शुभारंभ शाम ठीक 07:15 बजे से किया जाएगा और प्रभु इच्छा कर जारी रहेगा।आप सभी धर्मप्रेमी बन्धुओ व हारे के सहारे बाबा श्याम के भक्तों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारकर कार्यक्रम को सफल बनाये। सम्पूर्ण आयोजन में मुख्य भूमिका के रूप में बाबा के बेटे, ग्वालियर हैं।

## डाक विभाग ने चिखलामाली में शिविर लगाकर 86 लाड़ली बहनों के खाते खोले

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट



डाक विभाग के द्वारा लाड़ली बहनों का आधार लिंक खाता खोलने के लिए चिखलामाली में शिविर लगाया गया। बालाघाट जिले की विकासखण्ड किरनापुर अंतर्गत किरनापुर पोस्ट ऑफिस द्वारा लगाए गये इस शिविर में 86 लाड़ली बहनों के खाते खोले गए हैं। डाक विभाग द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में पात्र महिलाओं के आधार लिंक बचत खाता खोलने के लिए जिले के ग्रामों में शिविर लगाये जा रहे है। डाक विभाग द्वारा खोले गये इन बचत खातों में डीबीटी के माध्यम से हर माह 01 हजार रुपये की राशि जमा होगी।

## भरी बारिस में गोले के मंदिर पर चला चेकिंग अभियान और कटे गए चालान

पुष्पांजली टुडे



**ग्वालियर।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी जी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान जी के दिशानिर्देस अनुसार पूरे शहर में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है वही आज गोले के मंदिर चौराहे पर ट्रैफिक प्रभारी हिमांशु तिवारी के साथ ही सूबेदार प्रमोद साहू एवं सूबेदार राधावल्लभ गुर्जर के साथ साथ अन्य टीम द्वारा चौरहे पर चार पहिया वाहन दो पहिया वाहनो को चेकिंग ड़ी गई। जिन चार पहिया वाहनो में ब्लेक ड़िल्म चड़ी थी उनकी फिल्म उतरवाई गई साथ ही उनका चालान भी किया गया।

## वैदिक का निधन अपूरणीय क्षतिः डॉ. गोविंद सिंह

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भोपाल ।** देश के जाने माने पत्रकार डॉ. वेदप्रताप वैदिक के असामयिक निधन पर विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के व्यावसायिक शहर इंदौर ने देश को तीन बड़े पत्रकार दिए । जिनमे सबसे पहिले राजेन्द्र माथुर का निधन हुआ,फिर प्रभाष जोशी हमारे बीच से चले गए और आज डॉ. वैदिक भी हमारे बीच से चले गए। ईश्वर उनके परिवार को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

## राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हैल्थ कैम्प का किया अवलोकन

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड । राज्यपाल मंगुभाई पटेल मंगलवार को अटेर जनपद पंचायत के परा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने जनसंवाद कार्यक्रम के बाद हैल्थ कैम्प का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने डाक्टरों से मरीजों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने डाक्टरों से पूछताछ की कि किस बीमारी के कितने मरीज निकलकर आए हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि सिकल बीमारी के मरीज आते हैं तो जिला प्रशासन के संज्ञान में अवश्य लाऐं। उन्होंने कहा कि इस बीमारी को 2047 पर खात्मा करना है। उन्होंने क्षय रोग के मरीजों को गोद लेकर उन्हें समय पर दवाईयां, पोष्टिक पोषण आहार उनकी देखभाल करना है। क्षय रोग की बीमारी को 2025 तक खत्म करने का केन्द्र सरकार ने संकल्प लिया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूपीएस कुशवाह ने बताया कि कैम्प में 203 मरीजों का पंजीयन हुआ। इसमें ब्लड प्रेसर के 17, डायबिटीज के 10, फीवर के 7, खांसी के 50, दस्त का 01 मरीज का उपचार किया गया। मौके पर 8 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए, 30 लोगों की आभा आईडी बनाई गई 5 क्षय रोगियों को निश्चय मित्र योजना में पोष्टिक आहार की टोकरी भेंट की, 80 लोगों का ब्लड टेस्ट किया गया।

# 32 वर्षीय रविशंकर बोहने का खेत की कुएं में मिला शव, मर्ग कायम कर जांच में जुटी बहेला पुलिस

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट**

लांजी अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम बोथली निवासी रविशंकर पिता स्व. रामेश्वर बोहने उम्र 32 वर्ष का शव जयपाल मेश्राम निवासी बोथली के खेत के कुएं में दिखाई दिया जिसकी सूचना रविशंकर के परिजनों के द्वारा बहेला पुलिस को दी गई। घटना के संबंध में ज्ञात हुआ कि प्रार्थी पन्नालाल पिता लालमन बोहने निवासी ग्राम बोथली ने बताया कि रविशंकर बोहने मेरा भजीता लगता है जो तकरीबन 10 वर्षो से मानसिक रोग से पीडित है जिसका निरंतर उपचार चल रहा है 12 मार्च को रात्रि करीबन 8 बजे मेरा भजीता रविशंकर घर मे बिना बताये कही चला गया था जिसकी तलाश गांव मोहल्ले, रिश्तेदारों मे भी करने पर कहीं कोई पता नहीं चला सका। रविशंकर इससे पहले भी एक बार घर मे बिना बताये कहीं चला गया था जिसको हमने करेजा के जंगल से ढूंढकर लाये थे। 14 मार्च के सुबह



8 बजे की बात है मेरी भाभी लक्ष्मीबाई बोहने मेरे घर आकर मुझे बतायी कि मैं सुबह शौच के लिये गांव के जयपाल मेश्राम के खेत तरफ गई थी तभी जयपाल मेश्राम के खेत कुंऐ मे मुझे अपने बेटे रविशंकर का शव दिखाई दिया। तो मैं, भाभी लक्ष्मीबाई, गांव के उत्तम मस्करे, कैलाश बोहने, तिलक नगपुरे सुबह करीबन 8 बजे गांव के जयपाल मेश्राम के खेत के कुए मे जाकर देखे तो मेरे भजीते रविशंकर का शव दिखाई दिया मैने कपड़े एवं बनावट देखकर अपने भजीते रविशंकर को पहचान लिया। रविशंकर की दिमागी हालात खराब थी जो घर मे बिना बताये 12 मार्च 2023 के रात्रि मे 8 बजे कहीं चला गया था। जिसे शायद प्यास लगी होगी पानी पीने के लिये जयपाल मेश्राम के खेत कुंऐ के पास गया होगा और पैर फिसलने से कुंऐ में गिर गया होगा। उक्त घटना की जानकारी बहेला पुलिस को दी गई, बहेला पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर पंहुचकर मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को कुंऐ से बहार निकाला गया तथा आवश्यक कानूनी कार्यवाही पूर्ण कर शव को पोस्टमार्टम हेतु बहेला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां पीएम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। तथा बहेला पुलिस के द्वारा मर्ग क्रमांक 05/2023 धारा 174 जाफौ. का कायम कर जांच मे लिया गया।

# सीएम राइज विद्यालय बोलेगांव में छात्र छात्राओं को किया गया निःशुल्क साइकिल वितरण

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट





मध्यप्रदेश शासन के द्वारा निःशुल्क सायकिल प्रदाय योजना वर्ष 2004-05 से संचालित है। योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी जो कि शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं, 9 वीं एवं 11 वीं में अध्ययनरत है, तथा वह जिस ग्राम का निवासी है उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक विद्यालय/हाई स्कूल संचालित नहीं है तथा वह अध्ययन के लिए किसी अन्य ग्राम/शहर के शासकीय स्कूल में जाता है, उसे निःशुल्क सायकिल वितरण योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाता है। इस योजना का लाभ छात्र को कक्षा में प्रथम प्रवेष पर एक ही बार मिलता है। इसके अतिरिक्त ऐसे मजरें /टोले जिनकी दूरी विद्यालय से 2 कि.मी. से ज्यादा है तो ऐसे मजरे टोले से विद्यालय में आने वाले छात्रों को भी सायकिल दी जाती है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत लांजी अंतर्गत संचालित सीएम राइज विद्यालय बोलेगांव में मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना अंतर्गत सत्र 2022-23 में कक्षा नवमी में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को 14 मार्च को जनप्रतिनिधियों एवं शालेय परिवार की गरिमामई उपस्थिति में साइकिल वितरित किये गए। साइकिल वितरण के दौरान सरपंच ग्राम पंचायत बोलेगांव प्रतिमा अनिल भरतद्वाज, जनप्रतिनिधि अशोक बापूरे, युवराज भटेरे तथा ओमप्रकाश बापूरे की उपस्थिति में किया गया। सीएम राइज विद्यालय बोलेगांव में बेनेगांव, डोरली, सिहारी, भिमोड़ी आदि ग्रामों से आने वाले कक्षा नवमी के कुल 61 विद्यार्थी जिनमें 32 बालक तथा 29 बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य बीआर गुरदे उपप्राचार्य प्रवीणचंद्र साहू तथा शिक्षक लक्ष्मीचंद घोरमारे, सरोज कुमार पटले, मनोज लाड़े, संजय मेश्राम, फत्तूलाल रिन्हायत, मुकेश पांचे, युवराज कुशले, कैलाश वैरागड़े, रीता वाकड़े, साधना भगत, रविप्रकाश शहारे, गोपालकृष्ण तुरकर तथा रत्नाकर गणवीर उपस्थित रहे।



# दसवीं के छात्रों ने शांतिपूर्वक हल किया संस्कृत का पर्चा

### विकासखण्ड लांजी में नहीं बना कहीं भी नकल प्रकरण

रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजली टुडे बालाघाट

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल मध्यप्रदेश के द्वारा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 1 मार्च से जारी है। जिसके तहत 14 मार्च को दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने सुबह 9 बजे से 12 बजे तक संस्कृत विषय का पहला पर्चा हल किया। बतादे कि लांजी विकासखण्ड में 14 स्कूलों को परिक्षा केंद्र बनाये गयें है, प्राप्त जानकारी के अनुसार 14 में से 11 परिक्षा केंद्र के आंकड़े प्राप्त हुएं हैं, जिसमें परीक्षा केंद्र क्रमांक 781016 शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में दर्ज 272 छात्रों में 264 उपस्थित तथा 08 अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्र क्रमांक 782140 सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में कुल परिक्षार्थी 133, उपस्थित - 132 तथा अनुपस्थित - 01, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781018 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेरी में कुल परिक्षार्थी - 181, उपस्थित - 171 , अनुपस्थित - 10, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781045 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में कुल परिक्षार्थी - 140, उपस्थित - 136, अनुपस्थित - 04, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781145 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलगांव में कुल परिक्षार्थी - 74, उपस्थित - 71, अनुपस्थित -03, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781094 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में कुल परिक्षार्थी - 108, उपस्थित - 105, अनुपस्थित - 03, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781049 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेमनी में कुल परिक्षार्थी - 333, उपस्थित - 321, अनुपस्थित - 12, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781015 उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में कुल परिक्षार्थी -238, उपस्थित - 231, अनुपस्थित -07, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781046 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहझरी में कुल परिक्षार्थी -135, उपस्थित -128, अनुपस्थित -07, परीक्षा केंद्र क्रमांक 781050 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानेगांव में कुल परिक्षार्थी -176, उपस्थित - 173, अनुपस्थित -03 परीक्षा केंद्र क्रमांक 781073 में कुल परिक्षार्थी - 197, उपस्थित - 189, अनुपस्थित -08 छात्र छात्राओं की सहभागिता रही। बाकी के 3 परिक्षा केंद्र की जानकारी अप्राप्त रहीं। लांजी विकासखण्ड में कुल 14 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 11 परिक्षा केंद्र में कुल 1987 परिक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें 1921 परिक्षार्थियों ने संस्कृत का पर्चा हल करने उपस्थित रहे शेष 66 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। किसी भी परिक्षा केंद्र में कोई भी नकल प्रकरण नहीं बना। सभी केन्द्रों पर शांति पूर्वक परिक्षा संपन्न हुई।

**सभी परिक्षा केंद्र में शांति पूर्वक संपन्न हुई परीक्षा - डी आर गजबे बीईओ लांजी**-विकासखण्ड लांजी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डी आर गजबे ने बताया कि लांजी विकासखण्ड में बनाये गये 14 परीक्षा केन्द्रो में दसवीं कक्षा के छात्र छात्राओं ने संस्कृत का पर्चा हल किया। वहीं केन्द्राध्यक्षों के द्वारा माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल के द्वारा निर्देशित सभी नियमों के अनुसार परीक्षार्थी से परीक्षा ली गई। सभी परिक्षा केंद्र में शांति पुर्वक परिक्षा संपन्न हुई है तथा किसी भी केंद्र में किसी प्रकार का नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

# महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाऐं चलाई हैंः राज्यपाल श्री पटेल

### राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वसहायता समूहों को सवा करोड़ से अधिक राशि का चैक भेंट किया, राज्यपाल ने जनसंवाद करके सरकार की योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी

**पंकज त्रिपाठी, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाऐं चलाई हैं अब महिलाऐं चौका - चकिया तक सीमित नहीं हैं वे अब अपने आप में स्वावलम्बी बन रही हैं। उन्होंने कहा कि कई महिलाऐं तो अपने पतियों की मदद कर रही हैं। उन्होंने गुना जिले का उदाहरण देते हुए बताया कि एक महिला ने अपने पति को ट्रेक्टर भी खरीद कर दिया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल मंगलवार को अटेर जनपद पंचायत के परा गांव में जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, प्रदेश के सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया, अटेर जनपद अध्यक्ष श्रीमती कमला देवी शर्मा उपस्थित थे। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनप्रतिनिधियों से आव्हान किया कि वे बुजुर्गों, गरीबों तपके वर्गों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहें। उनकी सेवा से ही हमारा राजनैतिक मकसद सार्थक होता है उन्होंने मौके पर स्वसहायता समूह की श्रीमती रानी भदौरिया, पूजा शाक्य को 1 करोड़ 26 लाख रूपये का चैक भेंट किया। उन्होंने प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान वेरीकेट्स पर पहुंचकर लोगों से कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में पूछताछ और आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर सरकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत को जाना। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व संवेदनशील है। महिलाओं, वंचितों और आवासहीन दिव्यांगजनों के कल्याण विकास की योजनायें उनके दिल से निकलती हैं। श्री मोदी में व्यक्ति और उसकी समस्याओं और सामर्थ्य को पहचानने की अद्भुत क्षमता और दिव्यदृष्टि है। उन्होंने गरीबों, आवासहीनों, महिला सशक्तिकरण और उनके आर्थिक स्वावलम्बन के लिये केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज और राष्ट की प्रगति अच्छे जनप्रतिनिधियों से होती है, तभी उनका राजनैतिक जीवन सार्थक माना जाता है। उन्होंने श्रीमती बंदना द्वारा स्वसहायता समूहों के माध्यम से जैविक खेती और प्राकृतिक खेती से हुए बदलाव से किसानों के जीवन में आ रहे बदलाव की सराहना की। उन्होंने सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया के क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की भी सराहना की। उन्होंने चंबल की पावन धरती को नमन करते हुए कहा कि भिण्ड और मुरैना के सर्वाधिक जवान देश की सरहद पर अपनी सेवाऐं दे रहे हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने कई महत्वाकांक्षी योजनाऐं चलाई हैं। उन्होंने लाड़ली लक्ष्मी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना ने बच्चियों का भाग्य ही बदल दिया है। म.प्र. में 44 लाख 26 हजार लाड़ली लक्ष्मियों को लाभान्वित किया




जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई जमाना था, जब बच्चियों को मार दिया जाता था। बच्चियों की कमी और पुरूषों की तुलना में महिलाओं का अनुपात कम होने पर केन्द्र की मोदी सरकार ने पहले बेटी बचाओ फिर बेटी पड़ाओ योजना शुरू की। इसके बाद सेल्फ हैल्प ग्रुपों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण किया। इसके सकारात्मक परिणाम परिलक्षित हुये। इसके बाद लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरूआत की है। इस योजना में प्रतिमाह महिलाओं को एक हजार रूपये मिलेंगे। स्व-सहायता समूहों से महिला सशक्त हो रहीं हैं। वे आर्थिक एवं सामाजिक तरक्की कर रही हैं। उन्होंने कहा कि कई महिलायें तो अपने पतियों की मदद कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास नीति पर चर्चा करते हुये राज्यपाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर आवासहीन को आवास दिलाने का संकल्प लिया है, उन्होंने कहा कि जिन हितग्राहियों को आवास मिल जाता है। उनका जीवन आनंदमय हो जाता है। आज एक-एक झोपड़ी वालों को ढूंढ़कर सरकार आवास दे रही है। उन्होंने कहा कि झोपड़ी में रहने वाले से पूछो कि बरसात और सर्दी के मौसम में उनका जीवन कैसे कटता है। उन्होंने कहा कि मैं भी झोपड़ी में रहा हूं, मुझे मालूम है कि क्या-क्या परेशानियां आती हैं। आज मोदी जी सबको आवास दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने पद पर बैठकर गरीबों के लिये ऐसी योजनायें बनाई हैं, जो उनकी दशा बदल रही हैं। राज्यपाल श्री पटेल ने उज्ज्वला योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि आज सुदूर अंचलों में घर-घर लाईट पहुंच गई है। उज्ज्वला योजना के तहत् हर गरीब परिवार को गैस सिलेण्डर के कनेक्शन दिए हैं। क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय ने कहा कि बड़े ही हर्ष का विषय है कि भिण्ड जिले में आज राज्यपाल महोदय ने आकर हमारा गौरव बढ़ाया। उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के साथ नया नारा सबका प्रयास जोड़कर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैंने महामहिम राष्ट्रपति और राज्यपाल के बजट भाषण को सुना है। इस भाषण में गरीबों, तपकें वर्गों और किसानों के कल्याण के साथ-साथ देश के चहुंमुखी विकास की बात कही गई है। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने राज्यपाल के चंबल की धरा भिण्ड में पहली बार पधारने पर उनका स्वागत अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि चंबल लम्बे समय तक डकैतों के भय से बदनाम रहा है अब चंबल में ऐसी स्थिति नहीं है। चंबल विकास के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं पर आज सर्वाधिक जवान भिण्ड और मुरैना के तैनात होकर देश की रक्षा करके देश का स्वाभिमान बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुसार हमारे प्रदेश के मुखिया उत्तरोत्तर प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को मुख्यमंत्री द्वारा भिण्ड से विकास यात्रा की शुरूआत की गई। भिण्ड में मेडीकल कॉलेज की घोषणा के साथ-साथ भिण्ड नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा देकर गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यपाल महोदय का बजट भाषण हमें विधानसभा में सुनने को मिला जो गरीबों पिछड़ों, तपकें वर्गों, किसानों के कल्याण और प्रदेश के चहुंमुखी विकास की ओर ले जाता है। उन्होंने कहा कि यहां का किसान महनती परिश्रमी है। किसान सम्पन्न हो इसके लिए सिंचाई की महति आवश्यकता को देखते हुए 150 करोड़ रूपये की कनेरा सिंचाई योजना बनाई है। इससे 15 हजार हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र को हाईवे की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। जिले में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में लाड़ली बहना योजना शुरू की गई है। इस योजना से महिलाओं की जिंदगी बदल जाएगी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री पटेल ने उद्यमिता विकास योजना के तहत् श्रीमती सोनिया, छाया और शिवानी को 10 लाख रूपये का चैक भेंट किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् सुरेश पुत्र रामसहाय को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र भेंट किया। उन्होंने राजेन्द्री, रामसिया, सुश्री मीनू, विनोद को आयुष्मान कार्ड भेंट किये। श्रीलाल, सुखराम, मुन्नी को इन्दिरा गांधी वृद्वा पेंशन स्वीकृति पत्र भेंट किया। उन्होंने नरेश, जयसिंह को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति पत्र भेंट किया। कार्यक्रम के अंत में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज कुमार सरियाम ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र नरवरिया, चंबल कमिश्नर दीपक सिंह, कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान, अपर कलेक्टर जेपी सैयाम, जनप्रतिनिधि सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478